✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 12 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 8 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का स्वागत करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### पीएमसीएच के मेडिकल छात्र की संदिग्ध मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में मेडिकल की कोचिंग कर रहे एक छात्र की संदिग्ध मौत हो गई। घटना बुद्धा कालोनी थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मकान मालिक पर हत्या करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट अंतर्गत हत्था गांव निवासी गुड्डू राजा के रूप में की गई है।

### बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा संपन्न

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शिक्षक बनने की दिशा में पहला और सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जाने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। राज्य के 11 शहरों में बनाए गए 180 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई जिसमें करीब 1.23 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। राजधानी पटना में ही 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकलने वाले अधिकांश अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को अपेक्षाकृत आसान बताया और इस बार कटऑफ ऊंचा जाने की संभावना जताई।

### आइटीबीपी जवान ने की आत्महत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के एक दारोगा ने अस्पताल के वॉशरूम की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में दारोगा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी विजय सिंह के रूप में हुई है। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग सारण जिले के जलालपुर में थी।

### दो युवकों की डूबकर मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के अमवा मझार स्थित गंडक नहर में में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की डूबकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मोबाइल फोन से रील बनाने में व्यस्त थे तभी अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नहर के गहरे पानी में समा गए। मृतकों की पहचान बारी टोला गांव निवासी धर्म कुमार तथा करण कुमार के रूप में हुई है।

### राज्य के सभी स्कूलों में लगेगा दंत चिकित्सा जांच शिविर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने प्रदेश के सभी स्कूलों में दंत चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करने की घोषणा की है। रविवार को ज्ञान भवन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा डेंट वर्ष 2026 र्ष का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी निजी और सरकारी विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए दंत चिकित्सा जांच शिविर आयोजित की जाएगी।

# बिहार में 1068 ईंट-भट्ठा संचालकों पर कसेगा शिकंजा

## राजस्व बकाया रखने वालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राजस्व बकाया रखने वाले ईंट-भट्ठों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। राज्य में करीब 1068 ईंट-भट्ठा संचालकों द्वारा सरकार को निर्धारित राजस्व का भुगतान नहीं किए जाने के मामले में अब व्यापक कार्रवाई की तैयारी है। खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे सभी ईंट-भट्ठों का स्थलीय निरीक्षण (फील्ड जांच) कराएं और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करें। पिछले दिनों हुई एक विभागीय समीक्षा बैठक में राजस्व बकाया रखने वाले ईंट-भट्ठों पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें यह जानकारी सामने आई कि हजार से अधिक भट्ठे समय पर रायल्टी अथवा राजस्व का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसके बाद मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि



जिन ईंट-भट्ठा मालिकों ने राजस्व जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जाए। साथ ही बकाया राशि की वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद (सर्टिफिकेट केस) भी दायर किया जाएगा। इसके लिए संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई करने को कहा गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार बिहार में वर्तमान में लगभग 6116 ईंट-भट्ठे संचालित हैं। इनमें से 5048 ईंट-भट्ठा मालिकों ने सरकार को देय राजस्व का भुगतान कर दिया है जबकि 1068 ईंट-भट्ठों ने अब तक राजस्व मद में कोई भुगतान नहीं किया है। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में गया जिला ईंट-भट्ठों की संख्या के मामले में सबसे आगे है। वहीं सबसे अधिक राजस्व बकाया वाले ईंट-भट्ठे भी गया जिले में ही पाए गए हैं। इसके अलावा मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), पटना, वैशाली, सारण में भी बड़ी राशि बकाया है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि राजस्व बकाया की जांच के साथ-साथ विभाग ईंट-भट्ठों के संचालन की भी पड़ताल करेगा। निरीक्षण के दौरान यह देखा जाएगा कि भट्ठे पर्यावरणीय मानकों और सरकारी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थल पर जाकर जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि ईंट-भट्ठों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहा है। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ अतिरिक्त कार्रवाई भी करें।

## विधान परिषद चुनाव में सभी नौ प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधान परिषद में रिक्त 9 सीटों के लिए संभवतः मतदान की नौबत नहीं बने। यानी कि सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की संभावना बन रही है, क्योंकि प्रत्याशियों की संख्या कुल सीटों से अधिक संभवतः नहीं हो। हालांकि अंतिम तौर पर इसका निर्धारण सोमवार (08 जून) को होगा, जो नामांकन की आखिरी तारीख है। आखिरी दिन ही सभी प्रत्याशी नामांकन करने वाले हैं। 09 जून को नामांकन-पत्रों की जांच होगी और नामांकन वापसी के लिए 11 जून निर्धारित है। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से नौ सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है। उसके नौ प्रत्याशी (भाजपा-जदयू के चार-चार, लोजपा-रामविलास से एक) घोषित हो चुके हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा से मंत्री दीपक प्रकाश भी आस लगाए हुए थे लेकिन बात नहीं बनी। महागठबंधन के लिए एक सीट से अधिक की गुंजाइश नहीं। उस खेमे से राजद अपना प्रत्याशी देगा, जिसकी घोषणा खबर लिखे जाने तक नहीं हुई थी। पहले एआईएमआईएम ने भी दावेदारी जताई थी, लेकिन अब उसने पांव पीछे खींच लिए हैं। बहरहाल इनके अतिरिक्त किसी अन्य दलीय-निर्दलीय प्रत्याशी की चर्चा नहीं। ऐसे में तय है कि सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो जाएं। अगर कोई अतिरिक्त प्रत्याशी आता है तो 18 जून को मतदान होगा और देर शाम तक परिणाम की घोषणा भी हो जाएगी। वैसी स्थिति में दूसरी वरीयता के मत महत्वपूर्ण हो जाएंगे, जैसा कि राज्यसभा की पांच सीटों पर चुनाव के दौरान हुआ था। सभी सीटें एनडीए के खाते में चली गई थीं, जिसमें उसे पांचवें प्रत्याशी (शिवेश राम) की जीत में दूसरी वरीयता के मत निर्णायक रहे थे। उसी आधार पर राजद के एकमात्र प्रत्याशी एडी सिंह को मुंह की खानी पड़ी थी तब एआईएमआईएम ने राजद का साथ दिया था लेकिन महागठबंधन के चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद से एक) मतदान करने नहीं पहुंचे थे। उससे सबक लेते हुए राजद इस बार महागठबंधन के विधायकों को एकजुट रखने के लिए सजग है।

## विनय कुमार बने केंद्र सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/रांची।** केन्द्र सरकार ने बिहार तथा झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के समन्वयक विनय कुमार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान हैं। मंत्रालय के उप सचिव डीएसएस श्रीनिवासा राव द्वारा जारी पत्र के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव तथा अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। इस संबंध में भारत सरकार के गजट के माध्यम से अधिसूचना जारी कर दी गई है।



गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूएनआई, हिंदुस्थान समाचार के ब्यूरो प्रमुख व विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास, इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## कार-ट्रैक्टर की टक्कर में तीन की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के दधपी मोड़ के पास बालू लदे ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक कार उससे जा टकराई जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन घायल है। मृतकों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के हिच्छन बिगहा निवासी उपेंद्र यादव की 45 वर्षीय पत्नी ममता कुमारी, उनकी 18 वर्षीय पुत्री चुलबुल कुमारी और उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी स्व. विनोद यादव की 17 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के रूप में हुई है। घायलों में उपेंद्र यादव की 14 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी, उनके 12 वर्षीय पुत्र समर कुमार और स्वर्गीय विनोद यादव की 40 वर्षीय पत्नी संगीता देवी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल मुस्कान और समर को बेहतर इलाज के लिए गयाजी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त



ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के मधुश्रवा मेला घुमने गए थे। वहां से लौटते वक्त जैसे ही एनएच-120 स्थित दधपी मोड़ पहुंचे तभी बालू लदा ट्रैक्टर अचानक सड़क पर घुमाने लगा जिसके कारण कार उससे टकरा गई और हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद ममता देवी, चुलबुल कुमारी एवं खुशी कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं ट्रैक्टर और कार को जब्त कर थाना लाया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर, स्थानीय लोगों के मुताबिक पुनपुन नदी से अवैध खनन चरम पर है। लोगों का आरोप है कि अवैध बालू परिवहन पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि बालू ढोने वाले कई ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के है। ऐसे में नियमों की अनदेखी कर वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिससे आमलोगों की जान पर खतरा बना रहता है।

## रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** देश में रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार में वृद्धि के चलते सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते तीन महीनों में यह दूसरी बढ़ोतरी की गई है। घरेलू रसोई गैस की कीमतों में प्रति सिलेंडर 29 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। नई कीमतें रविवार, 7 जून से लागू हो गई हैं। एलपीजी की कीमतों में हुई इस ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है। यह बढ़ोतरी तब हुई है जब तेल कंपनियों ने 7 मार्च को एलपीजी की कीमतों में प्रति सिलेंडर 60 रुपये की वृद्धि की थी। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार में आई रुकावटों के बाद की गई थी। इस बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## गंडक नदी में डूबने से चार युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र में रविवार को गंडक नदी में नहाने गए सात युवकों में से चार की मौत डूब जाने से हो गयी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक तीन के शव बरामद हुए हैं जबकि एक युवक अभी भी लापता है। वहीं तीन अन्य को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचा लिया। लापता युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के सपहां गांव निवासी घनश्याम लाल श्रीवास्तव के 21 वर्षीय पुत्र अमन कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद से अमन के परिजनों का बुरा हाल है और उनकी तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि सात युवक रविवार को गंडक नदी में नहाने गए थे। नहाते समय उन्हें पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा और वे गहरे पानी की चपेट में आ गए जिससे चार युवक डूबने लगे। युवकों की चीख-पुकार सुनकर नदी किनारे मौजूद स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगाई और कड़ी मशक्कत के बाद तीन युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया जिससे उनकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही जादोपुर थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और लापता युवक अमन कुमार की खोजबीन में जुट गई है।

## कानून तोड़ने वालों को नहीं मिलेगी राहत : मंत्री

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मशहूर शिक्षक और यूट्यूबर फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। खान सर पर लगे आरोपों और पुलिसिया कार्रवाई को लेकर बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने स्थिति साफ की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर काम कर रहा है। खान सर के खिलाफ जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, वे स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं का हिस्सा हैं। बीजेपी नेताओं का भी कहना है कि कानून तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और नियमों के मुताबिक ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कदमकुआं इलाके में स्थित एक कोचिंग संस्थान में 2 जून को हुई गोलीबारी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने खान सर के साथ-साथ उनके दो सुरक्षा गार्ड्स और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में नया मोड़ तब आया जब गिरफ्तार दोनों गार्ड्स ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने खान सर के कहने पर ही अपनी .315 बोर राइफलों से गोलियां चलाई थीं। पुलिस फिलहाल इन आरोपों की जांच कर रही है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

## ग्रामीण सड़कों के लिए जमीन अधिग्रहण पर खर्च होंगे 3600 करोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण इलाके में बनने वाली सड़कें भी राष्ट्रीय उच्च पथ और स्टेट हाईवे के निर्माण से जुड़ी आधारभूत समस्या को झेल रही हैं। यह समस्या जमीन की उपलब्धता से संबंधित है। ग्रामीण कार्य विभाग के एक आकलन के अनुसार अगले पांच वर्षों में बिहार के ग्रामीण इलाके में सड़क निर्माण को 3600 करोड़ रुपए अकेले जमीन अधिग्रहण मद में खर्च कर करने होंगे। इस राशि का आकलन प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि को जोड़कर किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 319 सड़कों का मामला जमीन अधिग्रहण के पेच में फंसा है। इनमें 51 स्थायी पट्टा से संबंधित मामले हैं। इस बारे में ग्रामीण कार्य विभाग का कहना है कि अलग-अलग विभागों से समन्वय कर समस्या का




समाधान कराया जाएगा। समस्या समाधान के लिए हर माह संबंधित विभागों के साथ संयुक्त रूप से साइट मीटिंग आयोजित की जाएगी। यह भी योजना बन रही कि जहां तक संभव हो वैसी परियोजनाएं प्राथमिकता के आधार पर ली जाएं जिसमें किसी तरह के जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़े। जिस तरह से एनएच और एसएच का निर्माण फारेस्ट क्लियरेंस में अटक जाता है उसी तरह का मामला ग्रामीण कार्य विभाग के भी सामने आ रहा है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 47 सड़कों का मामला वन स्वीकृति हासिल नहीं होने की वजह से अटका पड़ा है। बहुत से मामले ऐसे हैं जहां एलायनमेंट के तहत बिजली पोलों को हटाया जाना है। इस बारे में जानकारी दी गई कि बिजली के जो पोल संबंधित सड़क के एलायनमेंट के बाहर हैं उसके लिए किसी तरह का शुल्क देय नहीं होगा। इसी तरह पुराने जर्जर बिजली पोल के स्थानांतरण के लिए नई दर का भुगतान नहीं होगा। ग्रामीण कार्य विभाग ने तय किया है कि अतिरिक्त परियोजनाओं के समावेशन के प्रस्तावों की गहन जांच और स्क्रीनिंग की जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी की विधिवत अनुशंसा संबंधित प्रस्ताव पर दर्ज होगी। इसके बाद ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

# विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में बने चार बेली ब्रिजों का मंत्री ने किया उद्घाटन

## लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पथ निर्माण मंत्री इं. कुमार शैलेंद्र ने रविवार को भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में निर्मित चार बेली ब्रिजों का उद्घाटन कर उन्हें आम जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार, जिला प्रशासन, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), पथ निर्माण विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला सेतु के कुछ स्लैब क्षतिग्रस्त होने के बाद आम जनता को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। परिणामस्वरूप मात्र 16 से 20 दिनों के भीतर चार बेली ब्रिजों का निर्माण कर उन्हें जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि स्टील संरचना से निर्मित ये बेली ब्रिज आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी अवसंरचना निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बेली ब्रिजों के चालू होने से भागलपुर सहित आसपास के जिलों के लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से के स्थायी पुनर्निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो संकल्प लेते हैं, उसे पूरा करने की प्रतिबद्धता भी रखते हैं। निर्धारित अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त स्लैब का पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चारों बेली ब्रिजों का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन रात्रि में एक घंटे का ब्लॉक लेकर आवश्यक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य किया जाए। साथ ही प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी कर संरचना की स्थिति का आकलन किया जाए, ताकि किसी भी संभावित समस्या की समय रहते पहचान कर उसका समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बीआरओ, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मियों और निर्माण कार्य से जुड़े सभी सहयोगियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं अथक परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया।



# संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर संजय सरावगी ने की प्रदेश महामंत्रियों के साथ बैठक

## कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में नव नियुक्त प्रदेश महामंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, डॉ. प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नव नियुक्त महामंत्रियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सफलता का आधार है और आने वाले समय में प्रत्येक पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संगठन की है। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के साथ समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनावी सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करना है। बैठक में महामंत्रियों को संभाग का दायित्व सौंपते हुए उन्हें संभाग प्रभारी बनाया गया। महामंत्री धनराज शर्मा को जहां मिथिला और तिरहुत संभाग के प्रभारी बनाया गया वहीं नितिन अभिषेक को मगध और शाहाबाद, सरोज रंजन पटेल को चंपारण और सारण, राजेश झा को भागलपुर, कोशी और सीमांचल का सम्भाग प्रभारी बनाया गया।



# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने उत्साह एवं संकल्प के साथ मनाया विश्व बाइसाइकिल दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कुलपति के निर्देशानुसार खेल प्रकोष्ठ, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा उत्साह एवं संकल्प के साथ विश्व बाईसाइकिल दिवस मनाया गया। विश्व बाईसाइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल से विश्वविद्यालय परिसर में एक परेड यात्रा का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सभी को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराना है एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना है। साइकिल परेड यात्रा की शुरूआत डॉ. निरंजन प्रसाद यादव, कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्विवद्यालय, पटना द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. मनीष पराशर, निदेशक, खेल प्रकोष्ठ, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना सह हेड (एल/सी), स्कूल ऑफ ज्योग्राफिकल स्टडीज, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, विश्वविद्यालय के कर्मी एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विश्व बाईसाइकिल दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने अपने संदेश में कहा कि आज के बढ़ते प्रदूषण, दुनियाभर में तेल की कीमतों में इजाफा, अपने स्वास्थ्य के प्रति हमारी अपनी जिम्मेदारी है। साइकिल चलाने अथवा उसके उपयोग से हमारे स्वास्थ्य एवं प्रकृति में बहुत ही अच्छा असर पड़ता है। आज की महंगाई, प्रदूषण, स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हमें अपनी दैनिक आदतों में सुधार कर करना आवश्यक है। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करें एवं सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल से ही कार्यालय आएं। कुलपति के संदेश के अनुशरण में कुलसचिव ने आगामी वन महोत्सव सप्ताह (1 जुलाई से 7 जुलाई तक) विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों से कम से कम एक दिन साइकिल से कार्यालय आने का संकल्प दिलाया।

# राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन नंबर से महिलाओं को 24 घंटे सहायता

## अबतक 69,101 मामले दर्ज जिनमें से 58,596 मामले निपटाए गए


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में हिंसा या संकट से प्रभावित महिलाओं को तत्काल मदद पहुंचाने के उद्देश्य से 181 महिला हेल्पलाइन नंबर की स्थापना की गई है। यह सेवा 24 घंटे टोल-फ्री उपलब्ध है और पीड़ित महिलाओं को एक ही नंबर पर सम्पूर्ण सहायता प्रदान करती है। समाज कल्याण विभाग से संचालित महिला बाल विकास निगम की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं जिसमें घरेलू हिंसा, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी आदि मामले शामिल हैं। कॉल करने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों से जोड़ा जाता है। 181 हेल्पलाइन पर अब तक 69 हजार 101 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें से 58 हजार 596 मामले सफलतापूर्वक निपटाए जा चुके हैं। इस सेवा के माध्यम से हिंसा से प्रभावित महिलाओं को उनके निवास या कार्यस्थल के निकटतम पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, एम्बुलेंस तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जैसी एजेंसियों से तत्काल रेफरल उपलब्ध कराया जाता है। संरक्षण अधिकारी व अन्य संबंधित प्राधिकरणों के समन्वय से महिलाओं को सुरक्षा, काउंसलिंग, कानूनी सहायता और शेल्टर की सुविधा आसानी से मुहैया कराई जा रही है।

# सामाजिक एकता और संगठन से बढ़ता है राजनीतिक सम्मान : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सामाजिक एकता, समरसता और संगठन ही किसी समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक सम्मान का वास्तविक आधार हैं। वे अखिल सिंदुरिया बनिया, कैथ बनिया एवं कैथल वैश्य महासभा के स्थापना दिवस समारोह सह राष्ट्रीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वैश्य समाज भारतीय संस्कृति, व्यापार, अर्थव्यवस्था और समाज सेवा की महत्वपूर्ण शक्ति रहा है। इस समाज ने केवल व्यापार के माध्यम से आर्थिक उन्नति ही नहीं की, बल्कि रोजगार सृजन और समाज निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और संगठनात्मक एकता से होती है। उन्होंने कहा कि



भारत विविधताओं का देश है और सामाजिक समरसता इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। सभी वर्गों के बीच प्रेम, सहयोग और सम्मान का वातावरण ही राष्ट्र को मजबूत बनाता है तथा विकास की गति को तेज करता है। युवाओं का आहवान करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाना होगा। ज्ञान, तकनीक और नवाचार के इस युग में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रशासनिक सेवाओं, उद्योग, व्यापार, नव उद्यम, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने महासभा से युवाओं के कौशल विकास और मार्गदर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का आग्रह किया। महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा दिए बिना किसी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और जनधन योजना जैसी पहलें समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह और पर्यावरण संरक्षण जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का भी आहवान किया।

# राज्य के बच्चों में सृजनशीलता विकसित करना बिहार संग्रहालय की प्राथमिकता : महानिदेशक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में बच्चों की आबादी देश के अन्य कई राज्यों की तुलना में अधिक है। ऐसे में बच्चों के प्रतिभा को निखारना और उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करना बिहार संग्रहालय कि प्राथमिकता में शामिल है। ये बातें बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने रविवार को समर कैंप के समापन समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार के बच्चों में कल्पनाशीलता और रचनात्मकता विकसित करने के लिए बिहार संग्रहालय में बाल दीर्घा तैयार किया गया है जहां बच्चे अपनी रूचि के अनुसार कलाकृतियों को देख एवं समझ सकते हैं। कार्यक्रम में बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार संग्रहालय की ओर से 2-7 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को टेराकोटा, कहानी लेखन एवं मास्क मेकिंग जैसी तीन प्रमुख विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस कैंप में शामिल वर्ग 9 से 12 के बच्चों को बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वर्ग 5 से 8 के बच्चों को पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास, बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार झा, डॉ. रणवीर सिंह राजपूत और कलाकार मनीषा झा ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।



# प्रतिभा सम्मान का आयोजन, प्रोत्साहित और आगे बढ़ाने की

## सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**जंदाहा/वैशाली।** निर्मल इंडिया न्यूज एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महनार के अनुमंडल पदाधिकारी, कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संस्थापक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा, रामशरण राय कॉलेज के संचालक संजय कुमार तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना तथा उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखते हुए कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना करने तथा निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का सम्मान विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत का सम्मान है, वहीं यह उनके भविष्य की नई उड़ान का प्रेरणास्त्रोत भी है। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, शिक्षकों और समाज के विश्वास पर खरा उतरते हुए देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं भविष्य में अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार और कड़ी मेहनत के माध्यम से जीवन में नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं हर्ष का माहौल देखने को मिला।



# भारतीय हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन पर मंत्री ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष मंत्री ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-सम्पर्क सह जनता दल यू के नेता प्रतिपक्ष श्रवण कुमार ने भारतीय खिलाड़ियों को अंडर -18 पुरुष एशिया कप हॉकी की जीत पर बधाई दी है। भारतीय टीम ने फाइनल में मेजवान जापान को 4-1 से पराजित कर शानदार खेल का प्रदर्शन, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया है, यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मंत्रीजी ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों के अन्तराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का खिताव जीत कर एशियाई हॉकी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह टीम की कुल तीसरी एशिया कप विजय है जो भारतीय हॉकी के उज्जवल भविष्य का संकेत देती है।



# शिवाजी महाराज के आदर्श, नेत्र स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण अपनाएं : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस, राष्ट्रीय चश्मा दिवस और विश्व कीट दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये तीनों अवसर राष्ट्रनिर्माण, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण कराते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 6 जून 1674 को छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास की एक गौरवशाली घटना थी। इसने स्वराज, सुशासन और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने साहस, दूरदर्शिता और कुशल प्रशासन से भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा की। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है। राष्ट्रीय चश्मा दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ दृष्टि मानव जीवन की अमूल्य संपदा है। मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। नियमित नेत्र जांच, संतुलित आहार और आंखों की उचित देखभाल से कई समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। विश्व कीट दिवस के संदर्भ में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मधुमक्खियां, तितलियां और अन्य परागण करने वाले कीट प्रकृति के संतुलन, खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, रासायनिक प्रदूषण में कमी और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है तथा सभी नागरिकों को इन क्षेत्रों में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

# सोनालीका ने मई में 17204 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी रफ्तार को और तेज करते हुए मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है और 21 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सोनालीका की यह नई उपलब्धि किसानों को 'जीतने का दम' देने पर ब्रांड के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारत को कृषि महाशक्ति बनाने की दिशा में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करती है। कंपनी ने भारत में आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के उपलक्ष में 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है जो कुल 21 प्रतिशत वृद्धि द्वारा संभव हुई और हमने उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है।

# भाजपा ने 13 संभागों के प्रभारी घोषित किए, संगठन विस्तार और बूथ सशक्तीकरण पर रहेगा फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश इकाई ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से राज्य के सभी 13 संभागों के लिए संभाग प्रभारियों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के निर्देश पर जारी अधिसूचना में पांच वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न संभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिसूचना प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अक्षय कुमार के हस्ताक्षर से जारी की गई है। जारी सूची के अनुसार धनराज शर्मा को मिथिला और तिरहुत संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके जिम्मे दरभंगा पूर्वी, दरभंगा पश्चिमी, मधुबनी, बेनीपुर, समस्तीपुर उत्तरी, समस्तीपुर दक्षिणी, वैशाली उत्तरी, वैशाली दक्षिणी, मुजफ्फरपुर पूर्वी, मुजफ्फरपुर पश्चिमी, सीतामढ़ी और शिवहर जिले रहेंगे। नितिन अभिषेक को मगध और शाहाबाद संभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके अधीन जहानाबाद, गया पूर्वी, गया पश्चिमी, औरंगाबाद, अरवल, नवादा, कैमूर, रोहतास, बक्सर और भोजपुर जिले शामिल किए गए हैं। सरोज रंजन पटेल को चंपारण और सारण संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके जिम्मे बगहा, रक्सौल, बेतिया, मोतिहारी, ढाका, सिवान पूर्वी, सिवान पश्चिमी, गोपालगंज, सारण पूर्वी और सारण पश्चिमी जिले रहेंगे। राजेश झा राजू को भागलपुर, कोशी और सीमांचल संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके कार्यक्षेत्र में भागलपुर, बांका, नवगछिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिले शामिल हैं। वहीं प्रीति शेखर को पटना, मुंगेर और बेगूसराय-नालंदा संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके अधीन पटना महानगर, पटना ग्रामीण, बाढ़, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, खगड़िया, बेगूसराय, नालंदा और शेखपुरा जिले रहेंगे। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि नई जिम्मेदारियों से संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी, बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत होगी तथा कार्यकर्ताओं और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

# होटल मौर्या में बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों के महोत्सव ग्रीष्मा 2026 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की समृद्ध फल जैव-विविधता, जैविक खेती और जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीष्मा 2026 - बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों का महोत्सव का आयोजन होटल मौर्या, पटना के सहयोग से हुआ। 6 और 7 जून को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में राज्य के विभिन्न जिलों से आए जैविक किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, शोधकर्ताओं, खाद्य उद्यमियों तथा उपभोक्ताओं ने भाग लिया। महोत्सव में आम, लीची, जामुन, बेल, कटहल, फालसा, करोंदा समेत बिहार के विविध जैविक ग्रीष्मकालीन फलों की



प्रदर्शनी एवं बिक्री हुई। वहीं महुआ, कैथा, लसोड़ा, खिरनी, तेंदू और अन्य भूले-बिसरे व स्वजन्मा फलों को समर्पित विशेष जैव-विविधता मंडप आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से प्रभावित फल उत्पादक किसानों को मंच प्रदान करना, बिहार की फल विरासत को संरक्षित करना तथा उपभोक्ताओं को जैविक एवं स्थानीय खाद्य प्रणालियों के प्रति जागरूक करना रहा।

# प्रदेश के सभी स्कूलों में लगेगा दंत चिकित्सा जांच शिविर : डॉ मनोज श्रीवास्तव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार में आइडीए को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय संगठन के द्वारा बिहार में कई तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी के तहत प्रदेश के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए डेंटल चेकअप अभियान चलाया जाएगा ताकि प्रदेश के बच्चे स्वस्थ रह सके। डॉ मनोज श्रीवास्तव रविवार को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन पटना ब्रांच के द्वारा आयोजित डेंटवर्ष 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय कार्यालय के द्वारा एफडीआई प्रोग्राम चलाया जाएगा जिसके तहत स्वास्थ्य मुख अभियान महिलाओं के लिए अभया तथा युवा डेंटिस्ट के लिए





उड़ान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा बिहार में आने वाले समय में कार्यक्रम करके आइडीए के संगठन को भी मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर आइडीए बिहार के अध्यक्ष डॉ मानवेंद्र ने कहा कि बिहार में लोगों को दंत चिकित्सा अच्छी तरह मिले इसके लिए आइडीए की ओर से जगह-जगह पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आई डी ए बिहार के सचिव डॉ नील भरत केडिया ने कहा कि आईडीए पटना शाखा के मानद सचिव के रूप में, 'डेंटवर्स 2026' में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी और गर्व हो रहा है। आज का दिन सिर्फ एक एकेडमिक कार्यक्रम का उद्घाटन नहीं है, यह ज्ञान, मार्गदर्शन, इनोवेशन और डेंटिस्ट्री की कभी न खत्म होने वाली भावना का उत्सव है। यह अनोखा मिलन सीखने की निरंतरता का सुंदर प्रतीक है जहां अनुभव का उत्साह से, समझदारी का जिज्ञासा से और ज्ञान का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आदान-प्रदान होता है।

# दीदी अधिकार केंद्र से बाल विवाह की दीवारें ढहीं

## सामुदायिक जागरूकता, प्रशासनिक सहयोग और सतर्कता से किशोरियों का भविष्य बचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम/पटना।** समाज में किशोरियों के प्रति आज भी पुरानी सोच नजर आती है। बाल विवाह की कुरीति वर्षों बाद अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी जड़ें जमाए हुए है। इस कुरीति को खत्म करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग जमीनी स्तर पर असरदार प्रयास कर रहा है जिसमें जन प्रतिनिधियों, विभिन्न समूहों, केन्द्रों, प्रशासन की भी भरपूर मदद ली जा रही है। रोहतास जिले में 'दीदी अधिकार केंद्र (डीएके) की सक्रिय भूमिका, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से यह कुरीति लगातार कम हो रही है। यह केंद्र सूचना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए कानूनी सहायता, काउंसलिंग और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी कर रहा है। जिले में डीएके के हस्तक्षेप से पांच प्रमुख मामलों में बाल विवाह सफलतापूर्वक रोके गए जिनमें किशोरियों की शिक्षा और भविष्य को नई दिशा मिली है।

शिवसागर गांव में 15 वर्षीय दुर्गा कुमारी की शादी सामाजिक दबाव और अशिक्षा के कारण जबरन हो रही थी। रस्में पूरी हो चुकी थीं, लेकिन सरपंच गीता देवी ने हार नहीं मानी। ऐन वक्त पर पहुंचकर उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि शादी भले हो गई हो, लेकिन लड़की की विदाई की कोशिश की तो सबको जेल भिजवा दूंगी। सरपंच के कड़े रुख और डीएके के सहयोग से मामला दर्ज कराया गया एवं कानूनी बांड बनवाया गया। आज दुर्गा अपने मायके में रहते हुए 10वीं कक्षा में पढ़ रही है। सासाराम जिले के तिलौथू प्रखंड के चन्दन गांव में 15 वर्षीय ज्योति कुमारी के पिता परिवार की जिम्मेदारी से बचने के लिए उसकी शादी कराने पर तुल गए। मुखिया विनोद राम, स्थानीय पंच और गांव वालों के साथ डीएके ने तुरंत कदम उठाया। चाइल्डलाइन (1098) पर कॉल कर बाल संरक्षण पदाधिकारी को सूचित किया गया। कानूनी सहयोग से बाल विवाह रोका गया। आज ज्योति किशोरी समूह की सक्रिय सदस्य बनकर अपनी जिंदगी संवार रही है। बाराडीह गांव में 14 वर्षीय संध्या कुमारी अपने बूढ़े दादा-दादी के साथ रहती थी। परवरिश के बोझ से घबराकर दादा-दादी उसकी शादी तय कर चुके थे। वार्ड कमिश्नर अहसान अंसारी के समझाने और डीएके, पंचायत प्रतिनिधि, सक्षमा दीदी एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं के निरंतर प्रयास से दादा-दादी ने शादी का इरादा त्याग दिया। संध्या अब सुरक्षित माहौल में अपनी पढ़ाई जारी कर रही है।

ताराचंडी में गरीबी के कारण 15 वर्षीय पूजा कुमारी की शादी तय हो गई थी। पंचायत प्रतिनिधि सोनू कुमार ने सजग नागरिक की भूमिका निभाते हुए 1098 और 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। डीएके के समन्वय में बीडीओ, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी सेविका और विकास मित्र की पूरी टीम मौके पर पहुंची। परिवार को बाल विवाह के कानूनी परिणामों और लड़की की शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया जिससे शादी रुक गई।

राजपुर प्रखंड के मगरवालिया पंचायत में 17 वर्षीय इंटर छात्रा बेबी कुमारी पर समाज और आर्थिक तंगी के दबाव में शादी का खतरा मंडरा रहा था। मुखिया इंद्रजीत कुमार, सरपंच मिथिलेश राय, वार्ड सदस्य नीलम देवी, पंच सीता देवी और डीएके समिति ने मिलकर अभियान चलाया। परिवार से बातचीत, बीडीओ से मुलाकात और ग्राम संगठन की सामाजिक कार्य समिति के प्रयास से बेबी की पढ़ाई बच गई। इन सभी ग्रामीण मामलों में डीएके जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि के प्रयास से बाल विवाह की घटनाएं होते-होते टल गई। लेकिन चुनौती अभी बाकी है। समाज को अशिक्षा, गरीबी और रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठना होगा ताकि हर किशोरी का सपना पूरा हो सके।

# शराब माफिया का पुलिस पर हमला, जवान घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** कमंडल क्षेत्र के संजौली थाना क्षेत्र से रविवार को एक अजीबोगरीब खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार संझौली थाना क्षेत्र के तिलई गांव की मुसहर टोली में अवैध शराब के खिलाफ छापा मारने गई पुलिस टीम पर शराब कारोबारियों और उनके समर्थकों ने पथराव कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से शराब बनाई और बेची जा रही है। इसी सूचना पर पुलिस टीम शराब नष्ट करने और कार्रवाई के लिए मुसहर टोली पहुंची थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया और उसे साथ ले जाने लगी। इसी बात पर वहां मौजूद शराब कारोबारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में विरोध बढ़ गया और लोगों ने पुलिस टीम पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। अचानक हुए पथराव से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी को चोट लग गई और वह घायल हो गया। स्थिति बिगड़ती देख और ज्यादा विवाद से बचने के लिए पुलिस को हिरासत में ली गई महिला को मौके पर ही छोड़ना पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम बिना कार्रवाई पूरी किए वापस लौट गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस पर हमला होना गंभीर मामला है और इस घटना से साफ है कि इलाके में शराब माफिया बेखौफ हैं। फिलहाल पुलिस घायल जवान का इलाज करवा रही है और हमला करने वालों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।

# खाद्य मिलावट के खिलाफ अभियान को मिली प्रशासनिक गति, डीएम ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट के विरुद्ध जागरूकता एवं जांच अभियान को प्रशासनिक स्तर पर रफ्तार मिलने लगी है। इस संबंध में प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार खाद्य मिलावट के खिलाफ कार्यरत संस्था खाद्य मिलावट विरोधी संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की जांच, जनजागरूकता अभियान, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सेमिनार, बाजारों में निरीक्षण तथा प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रशासनिक एवं आर्थिक सहयोग की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए



जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यक्रमों की व्यवहारिकता का परीक्षण करने तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक पहल करने और विभागीय स्तर पर हरसंभव सहयोग प्रदान करने को कहा गया है। जिला प्रशासन का मानना है कि खाद्य मिलावट केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। ऐसे में व्यापक जागरूकता और नियमित जांच अभियान के माध्यम से इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार ने जिला प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशासनिक सहयोग मिलने से अभियान को नई मजबूती मिलेगी तथा आम लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में जिले भर में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं जांच अभियान चलाए जाएंगे जिससे खाद्य मिलावट के खिलाफ प्रभावी माहौल तैयार होगा।

# सासाराम-आरा रेलखंड में मेगा टिकट जांच अभियान, 482 बिना टिकट यात्री धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल द्वारा बिना टिकट एवं बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सासाराम-आरा रेलखंड में मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 482 यात्री बिना टिकट अथवा अनधिकृत रूप से यात्रा करते पाए गए जिनसे जुर्माने के रूप में 1,92,815 का राजस्व वसूला गया। रेल प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 5 जून 2026 को संचालित इस विशेष अभियान के तहत सासाराम, बिक्रमगंज और पीरो रेलवे स्टेशनों पर फोर्ट्रेस चेकिंग की गई। टिकट जांच कर्मियों एवं रेल सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों ने प्लेटफॉर्म, पैदल उपरिगामी पुल, प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सघन जांच अभियान चलाया। इसके साथ ही संबंधित ट्रेनों में भी व्यापक स्तर पर टिकटों की जांच की गई। अभियान के दौरान बिना टिकट अथवा बिना वैध यात्रा प्राधिकार के यात्रा कर रहे यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का उद्देश्य यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर, यूटीएस मोबाइल एप, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) एवं अन्य अधिकृत माध्यमों से टिकट प्राप्त करने की व्यवस्था उपलब्ध है। डीडीयू मंडल ने स्पष्ट किया है कि बिना टिकट यात्रा रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है और अनधिकृत यात्रा पर रोक लगाने तथा यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे सघन टिकट जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# पेंशन भुगतान के लिए महीनों से भटक रही बुजुर्ग महिला, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी/दावथ /रोहतास।** मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना की लाभार्थी रजिया खातून स्वीकृत पेंशन राशि के भुगतान के लिए कई महीनों से सरकारी कार्यालयों और बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। परेशान बुजुर्ग महिला ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है तथा इसकी प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी है। दावथ प्रखंड के सहिनांव गांव निवासी रजिया खातून, पति स्वर्गीय शेख अलुद्दीन ने बताया कि वह अत्यंत गरीब एवं उम्रदराज महिला हैं। उनका पेंशन खाता पंजाब नेशनल बैंक, दावथ शाखा में है और मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत उनका पेंशन स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि सितंबर 2025 से दिसंबर 2025 तक की पेंशन राशि क्रमशः 1100, 2200, 3300 और 4400 रुपये स्वीकृत होकर प्रखंड स्तर पर पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक उनके बैंक खाते में राशि का भुगतान नहीं किया गया है। रजिया खातून का आरोप है कि प्रखंड कार्यालय के कुछ कर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित कर्मियों द्वारा उन्हें लगातार दौड़ाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पेंशन राशि खाते में भेजने के लिए उनसे पैसे की मांग की जा रही है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और चलने-फिरने में भी असमर्थ रहती हैं, बावजूद इसके कई बार प्रखंड कार्यालय जाकर अपनी समस्या रखी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अपने आवेदन में उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर लंबित पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने तथा मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय लाल चौधरी ने कहा कि लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलना चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक और कुछ कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान करने की मांग की। हालांकि इस मामले में संबंधित प्रखंड प्रशासन और बैंक प्रबंधन का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# शहीद निशान सिंह के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी :

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा एवं अमर शहीद बाबू निशान सिंह के वीरगति दिवस पर रविवार को स्थानीय कैनल रोड स्थित इं. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में कुंवर राणा सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर शहीद निशान सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि शहीद निशान सिंह का बलिदान देशभक्ति, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबू



वीर कुंवर सिंह के निधन के बाद उनके अनन्य सहयोगी रहे निशान सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की मशाल जलाए रखी और मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मंत्री ने कहा कि उनके आदर्शों और विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि 1857 का संग्राम केवल विद्रोह नहीं था, बल्कि भारत की स्वतंत्रता की नींव रखने वाला जनआंदोलन था। निशान सिंह जैसे वीर सेनानियों के बलिदान ने आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। पूर्व सांसद सुशील सिंह ने कहा कि इतिहास के इन महान नायकों को उचित सम्मान देना समाज का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से शहीदों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आहवान किया। साथ ही मुख्यमंत्री से सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौक का नाम शहीद निशान सिंह के नाम पर रखने तथा उनके स्मारक एवं पुस्तकालय को पुनर्जीवित कर सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की। कार्यक्रम को निवेदिता सिंह, राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह तथा राजकुमार सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वीरगति दिवस के अवसर पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें सासाराम-पटना नेशनल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का नाम बाबू निशान सिंह के नाम पर रखने, विद्यालयों के पाठ्यक्रम में उनकी जीवनी शामिल करने, 7 जून को उनके बलिदान दिवस पर सरकारी स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा सासाराम के लक्ष्मी स्थित निशान सिंह स्मृति पुस्तकालय को पुनर्जीवित कर वहां सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने की मांग प्रमुख रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद निशान सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने की तथा संचालन पंकज सिंह ने किया। इस अवसर पर कुमार विनोद सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय ओझा, राजन राज सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह बाला, अशोक भारद्वाज, डिम्पू सिंह, अंबुज सिंह, रवि सिंह, शुभम सिंह, अमित सिंह, सोनू सिंह सिकरीवाल, सुशांत सिंह, पप्पू सिंह, कालेन्द्र प्रताप वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नगर इकाई की बैठक संपन्न, सेवा-सुशासन और योग दिवस पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी बिक्रमगंज नगर इकाई की मासिक बैठक बिक्रमगंज डुमरा रोड स्थित पूर्व विधायक के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष पंकज सिंह ने की जबकि संचालन की जिम्मेदारी जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के पुरोधाओं के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुई जिसके बाद सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। बैठक में पहुंचे सभी अतिथियों का अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। परंपरा के अनुरूप सबसे पहले पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बारी -बारी से अपने विचार रखे और क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए सुझाव दिए। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने संगठन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ होता है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही जनहित के लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। राजेश्वर राज ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की और कार्यकर्ताओं से उन्हें सफल बनाने का आहवान किया। उन्होंने पर्यावरण दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की।

# दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संगठनात्मक चुनाव में दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह को लगातार दूसरी बार बिहार प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी जिम्मेदारी संगठन के सभी साथियों के अटूट विश्वास, समर्थन और अथक परिश्रम का परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा ही राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सबसे



बड़ी पूंजी है। आलोक कुमार सिंह ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मिली इस जिम्मेदारी का निर्वहन वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। उन्होंने आगामी रणनीति साझा करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा समाज के हर वर्ग की समस्याओं और जमीनी मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग और एकजुटता से राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के स्नेह एवं विश्वास को अपने लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने सभी का धन्यवाद करते हुए संगठन हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। लगातार दूसरी बार मिली यह जिम्मेदारी पार्टी में उनकी स्वीकार्यता और मजबूत पकड़ को दर्शाती है।

# हेरोइन के साथ तीन बाइक सवार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** बाइक सवार तीन व्यक्तियों को कुदरा थाना की पुलिस ने हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान जमुनीनार निवासी अशोक कुमार, कझारघाट निवासी गोरख मलाह एवं चंदन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सूचना के आधार पर थानान्तर्गत कुदरा पुलिस ने राष्ट्रीय उच्च पथ-19 पर वाहन जांच शुरू की। इसी क्रम में एक अपाची बाइक पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई जिनके पास से 100.94 ग्राम हीरोइन बरामद किया गया। इसके बाद तीनों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार हीरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गोरख मलाह का अपराधिक इतिहास रहा है। यह कई कंडों में वांछित अभियुक्त है। इनके पास से 100.94 ग्राम हीरोइन के अलावा 3954 रूपये नगद तथा मोबाइल जब्त की गई हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया।

# 16 जून को सासाराम की 11 पंचायतों में बिजली सहयोग शिविर में घर के पास होगा समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** आम विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर और सुलभ सेवाएं देने के लिए विद्युत विभाग 16 जून को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के 11 पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर आयोजित करेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का निवारण पंचायत स्तर पर ही करना है ताकि लोगों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने जानकारी दी कि इन शिविरों में बिजली बिल सुधार, नया कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी सहायता, मीटर खराबी, लोड वृद्धि, बकाया भुगतान और विद्युत आपूर्ति की शिकायतों का समाधान किया जाएगा। विभागीय अधिकारी एवं कर्मी शिविर में मौजूद रहकर हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि शिविर में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का समय सीमा के भीतर निष्पादन हो और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले। शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित विद्युत उपयोग, ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। 16 जून को सहयोग शिविर शिवसागर के नाद, नोखा के दक्षिणी बरांव, संझौली के उदयपुर, बिक्रमगंज के जमोढ़ी, सासाराम के दरिगांव, दिनारा के भुई, दावथ के सहिनांव, करगहर के सेन्दुआर, चेनारी के सदोखर, कोचस के रेडिया तथा शिवसागर के करूप पंचायत सरकार भवन में लगाए जाएंगे। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर विभागीय सेवाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

# आवंटित भूमि पर दूसरा दाह संस्कार, श्मशान घाट निर्माण की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट नगर पंचायत के गोडारी में रविवार को विनय पासवान के पिता का दाह संस्कार अंचलाधिकारी रितेश कुमार द्वारा आवंटित खाता 400, खेसरा 1105 की भूमि पर किया गया। यह इस जगह पर दूसरा दाह संस्कार है, इससे पहले 24 मई 2026 को पहला दाह संस्कार हुआ था। मुख्य पार्षद राधिका कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती और दिलीप सोनी के प्रयासों से इस जमीन पर दाह संस्कार के लिए एनओसी मिली थी। आज के दाह संस्कार में मुन्ना भारती के साथ बड़क पासवान, विनय पासवान, प्रभू पासवान, राजू पासवान, तुलसी पासवान, अवधेश पासवान, ललन पासवान, भोना पासवान, मनोज पासवान, हिरोध पासवान, भीम पासवान, अर्जुन कुमार, योगेंद्र पंडित, कन्हैया महतो, अनिल पासवान, मुन्ना पासवान, सुनिल मेहता, संतोष राजवार, सुनिल पासवान क्रांतिकारी, मंतोष ठाकुर, मंगरू डोम, विनोद पासवान समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और सभी वार्ड पार्षदों से मांग की कि गोडारी में आवंटित श्मशान घाट की जमीन पर जल्द रास्ता और शवदाहगृह बनाया जाए।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates
(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janata Party
*Name of the Election: - Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- Biennial election to the Legislative council 2026
Name of the Candidate:- Sanjay Prakash

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 |
| | b | Case no. | कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469/2015 |
| | c | Name of the Court | ए०सी० जे०एम०–1 सह एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना। |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is well know social worker. Presently MLC from Bihar. A very senior party worker having very good reputation in the society. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature. Looking at his selfless work for the society the party has chosen him as it's candidates. |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# साइकिल रैली का आयोजन, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में विश्व साइकिल दिवस के अंतर्गत "संडे ऑन साइकिल" रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा दैनिक जीवन में साइकिल के नियमित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर, नवादा से साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। रैली समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक होते हुए अतिथि गृह, नवादा तक पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में साइकिल के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ-साथ खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों,स्कूल के बच्चों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।






# मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों के अधिकारों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री अरविन्द कुमार के निर्देश पर 7 जून 2026 को नवादा प्रखंड अंतर्गत केना पंचायत भवन परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह, पी०एल०वी० जितेन्द्र कुमार तथा केना पंचायत के जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। अपने संबोधन में सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि आम नागरिकों तक कानून की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लगातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी के अभाव में लोग अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करते हैं तथा कई बार उनका शोषण भी किया जाता है। इसलिए जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र के गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता प्राप्त करने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान उमेश्वर प्रसाद सिंह एवं तपेश्वर सिंह ने लोगों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित एवं आघातग्रस्त व्यक्तियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना जिला विधिक सेवा प्राधिकार का महत्वपूर्ण दायित्व है। ऐसे पीड़ित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कार्यालय में आवेदन देकर आवश्यक विधिक परामर्श एवं निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित व्यक्तियों की सहायता एवं संरक्षण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए विधिक प्रावधान भी किए गए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उक्त योजना के तहत उपलब्ध सुविधाओं, मुआवजा प्रावधानों तथा कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा विधिक जागरूकता संबंधी जानकारी प्राप्त की।




# राजद ने बैठक कर कहा बिहार सरकार हर मोर्चे पर विफल

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। नालंदा जिला राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु की अध्यक्षता में हुई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि देश आर्थिक आपातकाल की ओर बढ़ रहा है। महंगाई आसमान छू रही है। सरकार बेखबर है। बिहार का खजाना खाली है। सरकार हर मोर्चे पर विफल है। बिहार सरकार यूथ आईकॉन तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए जनादेश लूटने के लिए 41000 करोड़ चंदा लोगों के बीच लूटा करके बिहार को बर्बाद कर दिया। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी बिहार को बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं । इस मौके पर नालंदा जिला संगठन प्रभारी प्रदेश महासचिव खुर्शीद आलम सिद्दीकी ने कहा कि आगामी 9 जून को नालंदा समेत बिहार के प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय पर और 17 जून को जिला मुख्यालय पर महंगाई, भ्रष्टाचार, लाचार स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था एवं भूमिहीनों को दो-दो डिसमिल जमीन देने मांग को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। धरना कार्यकर्ताओं के बदौलत ऐतिहासिक होगा। इस मौके पर रवि रंजन कुमार, सुनील यादव, मनोज यादव, खुर्शीद अंसारी, दीपक कुमार, प्रमोद गुप्ता कल्लू मुखिया, निधि शर्मा, टनटन खां,पारस राजवंशी, एलुन रविदास, जीतू यादव, बलराम मिस्त्री, फारूक आजम, विकास सिंह, अजय चंद्रवंशी, संजीत कुमार राय, नवल यादव, आचार्य सरोज ठाकुर, अरविंद यादव, रामानंद मुखिया, अमरजीत कुमार, विजय यादव इत्यादि मौजूद रहे।

# नवादा रेलवे स्टेशन पार्किंग की सुरक्षा पर उठे सवाल, ठेकेदार ने अधिकारियों से की घेराबंदी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित पार्किंग स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्टेशन पार्किंग के ठेकेदार पियूष कुमार ने रेलवे अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर पार्किंग क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अवैध रास्तों को बंद कर घेराबंदी कराने की मांग की है। ठेकेदार द्वारा दानापुर मंडल के वाणिज्य प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारियों को भेजे गए आवेदन में कहा गया है कि नवादा रेलवे स्टेशन के अग्रभाग में स्थित पार्किंग स्थल के उत्तर एवं दक्षिण दिशा में खुले और अवैध रास्ते बने हुए हैं। इन रास्तों के कारण पार्किंग क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है। ठेकेदार का आरोप है कि पार्किंग में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहन खड़े किए जाते हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पार्किंग संचालक के रूप में उनकी है। आवेदन में कहा गया है कि खुले रास्तों के कारण किसी भी समय वाहन चोरी या अन्य आपराधिक घटना होने की आशंका बनी रहती है। ठेकेदार ने यह भी उल्लेख किया है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार स्थानीय रेलवे अधिकारियों, विशेष रूप से सीटीआई अरुण कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि लगातार अनुरोध के बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिससे पार्किंग क्षेत्र असुरक्षित बना हुआ है। पियूष कुमार ने अपने आवेदन में कहा है कि यदि समय रहते पार्किंग क्षेत्र की घेराबंदी नहीं कराई गई तो भविष्य में वाहन चोरी अथवा अन्य अप्रिय घटनाएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है और रेलवे की छवि भी प्रभावित होगी। उन्होंने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि पार्किंग स्थल के चारों ओर पक्की दीवार बनाकर घेराबंदी कराई जाए तथा अवैध रास्तों को तत्काल बंद किया जाए। इससे पार्किंग क्षेत्र सुरक्षित होगा और यात्रियों के वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इस मामले की प्रतिलिपि रेल थाना, स्टेशन अधीक्षक नवादा, सहायक अभियंता, महाप्रबंधक हाजीपुर जोन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि रेलवे प्रशासन इस शिकायत पर कितनी शीघ्रता से कार्रवाई करता है और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

# ई-रिक्शा की ठोकर से वृद्ध की मौत

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत फरकी पत्थर गांव में एक सड़क दुर्घटना में वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान फरकी पत्थर गांव निवासी पाचू तुरिया के 62 वर्षीय पुत्र राजकुमार तुरिया के रूप में की गई है। स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार तुरिया शनिवार की शाम बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# राज्य स्तरीय जूनियर रग्बी प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर रग्बी खेल प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को किया गया था। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 400 खिलाड़ी, तकनीकी पदाधिकारी, कोच एवं मैनेजरों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग में मुजफ्फरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं पटना की टीम उपविजेता रही तथा भोजपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में पटना ने खिताब अपने नाम किया, जबकि नवादा की टीम उपविजेता बनी और मुजफ्फरपुर को तीसरा स्थान मिला।

समापन समारोह में बिहार राज्य रग्बी संघ के महासचिव पंकज कुमार, ज्योति वंदना कुमारी, नवादा जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष ए.के. गुरु, स्काउट एंड गाइड के संतु कुमार तथा समाजसेवी कृष्णा प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

नवादा जिला रग्बी संघ के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि इसी प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर बिहार राज्य की जूनियर रग्बी टीम का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों की सूची एक सप्ताह के भीतर जारी की जाएगी। यही टीम आगामी माह आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। नवादा की उपविजेता बालिका टीम में चाहत कुमारी, निशा कुमारी, रानी कुमारी, निशु कुमारी, स्वीटी कुमारी, अमीषा कुमारी, शिखा कुमारी, सिमरन कुमारी, नेहा कुमारी, खुशबू कुमारी, पम्मी कुमारी एवं मधु कुमारी शामिल थी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में वालंटियर के रूप में चंदन कुमार, गुलशन कुमार, गुड्डू कुमार, फंटूश कुमार, काजल कुमारी, बिट्टू कुमार सहित अन्य युवाओं का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन की सफलता पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।





# विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन

**नियमित साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता, हृदय स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन में होता है सुधार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को फिटनेस, स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य साइकिल रैली एवं विभिन्न फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन नालन्दा , फिट इंडिया मेवमेंट एवं खेलो इंडिया के तत्वावधान में खेलो इंडिया सेंटर रगवी नालंदा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना तथा साइकिल को एक स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल, किफायती एवं टिकाऊ परिवहन माध्यम के रूप में बढ़ावा देना था। रैली का शुभारंभ प्रातः निर्धारित समय पर किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लेते हुए फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने "फिट इंडिया, हिट इंडिया", "स्वस्थ शरीर, स्वस्थ जीवन" तथा "साइकिल अपनाएं, पर्यावरण बचाएं" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विश्व साइकिल दिवस प्रत्येक वर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य साइकिल के महत्व, स्वास्थ्य लाभों तथा पर्यावरण संरक्षण में उसकी भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साइकिल को एक सरल, सुलभ, स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाता है। नियमित साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता, हृदय स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन में सुधार



# अपने मौसी घर मधोपुर-सबनहुआ पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र स्थित मधोपुर-सबनहुआ गांव पहुंचे, जहां उन्होंने अपने मौसी के परिवारजनों से शिष्टाचार मुलाकात की। उनके आगमन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला करीब सवा 11 बजे गांव पहुंचा। उनके पहुंचते ही गांव "नीतीश कुमार जिंदाबाद" के नारों से गूंज उठा। इस दौरान उन्होंने वाहन से ही हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। गांव में लगभग पांच मिनट के प्रवास के दौरान उन्होंने अपनी मौसी स्वर्गीय देव लगन देवी एवं मौसा स्वर्गीय रामानंद सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद सदस्य एवं मुख्य सचेतक, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता, जदयू जिलाध्यक्ष मो. अरशद, प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह, निरंजन सिंह, रामजी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुबह से ही गांव से लेकर कल्याण विभाग रोड तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बिहारशरीफ एसडीएम किसलय श्रीवास्तव, एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल, हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा, कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। ग्रामीणों ने बताया कि नीतीश कुमार लगभग 40 वर्ष बाद गांव पहुंचे हैं। उनके आगमन को लेकर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटी रही। ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा कई लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी उन्हें सौंपे।



# राजगीर सीआरपीएफ केंद्र से निकली साइकिल रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के भर्ती प्रशिक्षण केंद्र, राजगीर द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली का नेतृत्व भर्ती प्रशिक्षण केंद्र के पुलिस उप महानिरीक्षक एवं प्राचार्य निखिल रस्तोगी ने किया। इस दौरान केंद्र के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निखिल रस्तोगी ने कहा कि साइकिल एक पर्यावरण-अनुकूल, किफायती और स्वास्थ्यवर्धक परिवहन साधन है। इसके नियमित उपयोग से शारीरिक फिटनेस बेहतर होती है और प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने आम नागरिकों से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

निखिल रस्तोगी ने बताया कि भर्ती प्रशिक्षण केंद्र, सीआरपीएफ, राजगीर राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय भागीदारी निभाता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों को प्रोत्साहित करता रहेगा। इस अवसर पर उप कमांडेंट नरेश सिंह चौधरी, उप कमांडेंट राज मंगल भक्त, सहायक कमांडेंट नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट अमित कुमार सहित संस्थान के अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




## भाजपा ने चलाया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, किया वृक्षारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी नवादा द्वारा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया "एक पेड़ मां के नाम" अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायक प्रयास है।

# इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकताओं ने पेपर लीक मामले के खिलाफ निकाला मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले हिलसा में छात्र युवाओं ने पेपर लीक घोटालों के खिलाफ हिलसा की सड़क पर मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। यह मार्च हिलसा पार्टी कार्यालय से निकलकर काली स्थान, वरुण तल, सिनेमा मोड होते हुए जोगीपुर मोड़ के पास पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए कथित पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों ने लाखों इमानदार छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट, यूजीसी-नेट, एसएससी, रेलवे समेत कई परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण छात्रों का परीक्षा प्रणाली से भरोसा उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की वर्षों की मेहनत कुछ लोगों के लालच और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्र-युवाओं ने सभी हालिया पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं माफिया तत्वों की गिरफ्तारी, प्रभावित परीक्षाओं को रद्द कर निष्पक्ष तरीके से पुनः आयोजित कराने तथा परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग उठाई। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में व्यापक सुधार की भी मांग की गई। प्रतिभागियों ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर संतोष पासवान, राहुल कुमार, कमलेश पासवान, क्रांति प्रकाश, सूरज पासवान, गौरी कुमार, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए।




## मगही और हिन्दी के साहित्यकारों का जुटान, मगही को भाषा का दर्जा दिलाने हेतु बुलंद की आवाज

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रविवार को हिसुआ में हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच शब्द साधक के बैनर तले मगही और हिन्दी के साहित्यकारों का जुटान हुआ। आयोजित मगही चौपाल और मगही हिन्दी कवि सम्मेलन में नवादा सहित गया, जहानाबाद, अरविल और पटना के 40 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। मंच अध्यक्ष दीनबंधु, मुख्य अतिथि टीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो गणेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि नवोत्साह साहित्य संगम की संरक्षिका वीणा मिश्रा, वरीय नागरिक संघ के महामंत्री ललित किशोर शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्षता दीनबंधु और मंच संचालक संयोजक व्यंग्यकार उदय भारती ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी व वरीय कांग्रेसी बांके बिहारी सिंह ने किया। अतिथि और वक्ताओं ने मगही को साहित्य की हर विधा के परिपूर्ण बताया। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल सहित देश के कई प्रदेशों में भारी संख्या में मगही भाषी हाने की बात करते हुए सरकार को मगही को आठवीं अनुसूची में शामिल कर भाषा का दर्जा देने की आवाज बुलंद की।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दिया गयाजी में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गया शहर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री नितीश मिश्रा, विभागीय प्रधान सचिव, नगर आयुक्त गया, बुडको के प्रबंध निदेशक, बुडको के अधिकारियों तथा गया नगर निगम के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शहर की जलनिकासी व्यवस्था, गंगा जलापूर्ति योजना, पार्किंग, सड़क निर्माण, हरित विकास, पर्यटन अवसंरचना तथा नगर निगम की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर के जलनिकासी तंत्र को शीघ्र सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने फल्गु नदी में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने के लिए सीवरेज लाइन एवं मलजल शोधन संयंत्र परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही गंगा जलापूर्ति योजना के तहत शेष घरों तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और सर्वेक्षण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान उन्होंने विष्णुपद और बोधगया क्षेत्र में भूमिगत केबल व्यवस्था, घाटों के चौड़ीकरण तथा दोनों धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के बीच बेहतर संपर्क विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि गया और बोधगया विश्वस्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र हैं, इसलिए यहां की आधारभूत सुविधाओं का विकास उच्च मानकों के अनुरूप किया जाना चाहिए। नगर निगम क्षेत्र के पार्कों के रखरखाव पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पार्कों के संरक्षण और बेहतर संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सके। उन्होंने शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा हरित भवन की अवधारणा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। शहर में बढ़ती पार्किंग समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शहरीकरण और व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार के कारण पार्किंग की समुचित व्यवस्था विकसित करना समय की मांग है। इसके लिए आधुनिक पार्किंग सुविधाओं के विकास की ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में नगर निगम एवं विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने पर भी विशेष चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विकास योजनाओं में सार्वजनिक धन का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा सामग्री की खरीद, वाहन संचालन और अन्य कार्यों की नियमित समीक्षा कर अनावश्यक खर्च पर रोक लगाई जाए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नगर विकास एवं आवास मंत्री नितीश मिश्रा ने विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर भी बल दिया। बैठक के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग और स्थानीय प्रशासन के समन्वित प्रयासों से गया शहर में आधारभूत सुविधाओं का और विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर शहरी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# गया में हर वार्ड में बनेगा आधुनिक पुस्तकालय, गांधी मैदान में लगेंगे स्मोक टावर

## नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में कई अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में शहर के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में हर वार्ड में आधुनिक पुस्तकालय स्थापित करने, गांधी मैदान के आसपास स्मोक टावर लगाने, प्रमुख सरोवरों के सौंदर्यीकरण, नाला सफाई में तेजी लाने तथा जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों को अंतिम स्वीकृति के लिए सोमवार को होने वाली नगर निगम बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा। बैठक का संचालन समिति सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया, समिति सदस्य मनोज कुमार, चुन्नु खान, सरिका कुमारी, उपेंद्र कुमार, विनोद कुमार यादव, तबस्सुम परवीन समेत अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। मानसून को देखते हुए मेयर ने सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के 320 नालों में से 178 की सफाई पूरी हो चुकी है। इस पर मेयर ने शेष कार्य युद्धस्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार और विद्युत पदाधिकारी गौरव कुमार की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी जताई गई। समिति सदस्य मोहन श्रीवास्तव के प्रस्ताव पर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आधुनिक पुस्तकालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। योजना के तहत 20 वार्डों के विद्यालय परिसरों तथा 20 वार्डों के सामुदायिक भवनों में पुस्तकालय खोले जाएंगे जबकि शेष वार्डों में नए पुस्तकालय भवन बनाए जाएंगे। यहां कक्षा छह से लेकर स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर तक की पुस्तकों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में सिंगरा स्थान सरोवर, गदालोल, सरयू तालाब, सूर्यपोखर, खरखुरा-भलुआही सरोवर और लाल बाबा तालाब सहित प्रमुख जलाशयों के सौंदर्यीकरण की समीक्षा की गई। सरिका कुमारी के सुझाव पर बिसार तालाब के विकास के लिए प्राक्कलन तैयार कराने और सभी सरोवरों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की विस्तृत योजना बनाने का निर्णय लिया गया। प्रदूषण नियंत्रण के लिए गांधी मैदान क्षेत्र में स्मोक टावर लगाने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। इसके अलावा पहाड़ी वार्डों में अतिरिक्त जलापूर्ति केंद्र स्थापित करने तथा नए पानी टैंकर खरीदने का निर्णय लिया गया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने तपोवन कुंड के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थल तपोवन कुंड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध जनसुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं और पर्यटकों को होने वाली समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने पाया कि तपोवन कुंड परिसर में पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, विश्राम स्थल, सूचना पट्ट तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके कारण यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थल से ही उन्होंने संबंधित विभागों और जिला प्रशासन के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर आवश्यक जनसुविधाओं को अविलंब बहाल करने तथा विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तपोवन कुंड बिहार की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है तथा यहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने परिसर की साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन को समन्वय स्थापित कर दीर्घकालिक विकास योजना तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। तपोवन कुंड जैसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के स्थलों का समुचित विकास स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पर्यटन को भी नई गति प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने तपोवन कुंड के विकास के प्रति डॉ. प्रेम कुमार की पहल और तत्परता की सराहना की।

# स्वच्छता कर्मियों ने निकाली साइकिल रैली, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड की मंडा पंचायत के भरौंधा में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला पासवान एवं गुनेरी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक सूर्यकांत कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। मौके पर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला पासवान ने कहा कि कम दूरी के स्थानों पर जाने आने एवं हाट बाजार जाने के साइकिल का उपयोग करें साइकिल का अधिक उपयोग करने से डीजल और पेट्रोल की खपत कम होगी जिससे प्रदूषण में कमी आएगी और लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य, फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# बेहतर जीवन के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम : कुलपति दिलीप कुमार केशरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया नगर केसरवानी वैश्य सभा, महिला सभा एवं युवक सभा के संयुक्त तत्वावधान में केसरवानी पंचायत भवन, पुरानी गोदाम, गया में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद केशरी, नगर अध्यक्ष सतीश प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष अजय केशरी, शिव कुमार केशरी तथा महिला सभा की अध्यक्ष गीता देवी ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर कुलपति दिलीप कुमार केशरी का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति दिलीप कुमार केशरी ने सम्मान के लिए आयोजकों और समाज के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को सशक्त, समृद्ध और उद्देश्यपूर्ण बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही युवाओं को बेहतर जीवन की दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को शिक्षा के माध्यम से अपने ज्ञान, कौशल और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना चाहिए, ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक तथा रचनात्मक योगदान दे सकें। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आहवान करते हुए कहा कि यही गुण उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सतीश प्रसाद केशरी ने स्वागत भाषण दिया जबकि मंच संचालन रामजी केशरी ने किया। समारोह में राजकुमार केशरी, देवोत्तम केशरी, राजेश केशरी, एस. एन. केशरी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य, महिलाएं और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण, उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

# कुशल युवा कार्यक्रम के तीन सदस्यों को 'पर्यावरण मित्र सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



वजीरगंज। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनमीत एडवरटाइजिंग एंड न्यूज एजेंसी, गया द्वारा वजीरगंज प्रखंड सभागार में 'पर्यावरण संरक्षण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए वजीरगंज प्रखंड के चौहान गली स्थित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के तीन सदस्यों को पर्यावरण मित्र सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में केंद्र संचालक संतोष कुमार, केंद्र सहायक अमीषा कुमारी तथा सुमन कुमारी शामिल हैं। तीनों को मनमीत एडवरटाइजिंग एंड न्यूज एजेंसी के निदेशक प्रभाकर कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभाकर कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़े ये युवा कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ पौधारोपण और प्लास्टिक मुक्ति अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण मित्र सम्मान-2026 के लिए चयनित कई सम्मानित व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके थे। ऐसे लोगों को उनके स्थान पर जाकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के संचालक और सहायकों को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# खजूर तोड़ने को लेकर विवाद, मारपीट में महिला घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गया जी।** प्रखंड के बहेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लंगूहारा गांव में बच्चों द्वारा खजूर तोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट की इस घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घायल महिला नगीना देवी (पति महेश यादव) की पुत्री शोभा कुमारी के फर्द बयान के अनुसार उनका छोटा भाई खजूर तोड़ने गया था।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janata Party

*Name of the Election: - Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- Biennial election to the Legislative council 2026

Name of the Candidate:- Anil Thakur

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी |
| | b | Case no. | जलालगढ़ थाना कांड सं.–36 / 2010 |
| | c | Name of the Court | पियूष चावला जीएम फस्ट क्लास पूर्णिया |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well known social worker having very good reputation in the society and our party and a very senior party worker. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature as he had served the people for the society, he has been preferred over others. |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)


# शेरघाटी अनुमंडल का जिला मुख्यालय से संपर्क होगा आसान

## महत्वपूर्ण पुल और पहुंच पथ के मजबूतीकरण के बाद व्यापार के साथ बढ़ेगी यातायात सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया-चेरकी-शेरघाटी पथ के 25वें किलोमीटर पर स्थित दिलावरचक एवं नौरंगाबाद के बीच मोरहर नदी पर निर्मित आरसीसी पुल के संरक्षण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस आरसीसी पुल के सुदृढ़ीकरण के बाद शेरघाटी अनुमंडल से गया शहर पहुंचना जहां आसान हो जाएगा वहीं वाहनों को जाम की समस्या से स्थायी छुटकारा मिलेगा। बता दें कि अत्यधिक बाढ़ एवं नदी के कटाव के कारण उपरोक्त पुल जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया था। नींव के आसपास बालू के जमाव और क्षरण से कुल 10 नींवों में से 2 नींव के पाइल में गंभीर कंक्रीट क्षति पाई गई थी जिससे रिइन्फोर्समेंट एक्सपोज हो गया था। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग ने क्षतिग्रस्त कंक्रीट को हटाकर रिइन्फोर्समेंट की मरम्मत, एंटी-रस्ट कोटिंग, अतिरिक्त रिइन्फोर्समेंट, रेट्रोफिटिंग, लाइनर जैकेटिंग एवं माइक्रो-कंक्रीटिंग का कार्य शुरू किया है जो युद्धस्तर पर जारी है। विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि इस व्यापक मरम्मत एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण कार्य का उद्देश्य पुल की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, इसकी भार वहन क्षमता को और मजबूत बनाने के साथ-साथ गया-शेरघाटी क्षेत्र की निर्बाध आवागमन सुविधा को बनाए रखना है। गया-चेरकी-शेरघाटी पथ पर स्थित इस महत्वपूर्ण आरसीसी पुल के संरक्षण और सुदृढ़ीकरण से गया और शेरघाटी के बीच की कनेक्टिविटी सुरक्षित और सुगम हो जाएगी। लोगों के आवागमन के साथ व्यापार को नया बल मिलेगा।


**AFFIDAVIT**

I, Mister Max son of santosh Kumar mother name Pinki Devi residing at village Kasma p.s. Kasma District-Aurangabad, Bihar do hereby solemnly affirm and declare as follows.

1. That I am residing at the said referrence address above.
2.That my date of birth is 15 01-01-2008
3. That my correct name is Mister Max according to my matriculation S.L.C.
4. That but my aadhar card, inter and also Bank account my name is mentioned Mr Max in place of Mister Max
5. That hence this affidavit for the purpose of correction of my name is in my aadhar card and also for gudget notification
6. That my all the statement is true and correct verification

Mister Max do hereby declare that the contents of this affidavit from para 1 to 6 are true and correct.

**Deponent**
**Mister Max**


# जनसंपर्क और विकास कार्यों को मिलेगी गति, सांसद ने की प्रतिनिधियों की नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं गया (अजा.) संसदीय क्षेत्र के सांसद जीतन राम मांझी ने संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने और विकास योजनाओं की निगरानी को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रखंडों के लिए सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में 4 जून 2026 को जारी पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को भी अवगत कराया गया है। जारी सूची के अनुसार शेरघाटी अनुमंडल के लिए शेरघाटी नगर निवासी ओम प्रकाश उर्फ लाला सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है जबकि बोधगया प्रखंड के लिए सुधीर यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा संसदीय क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में भी प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। सांसद कार्यालय के अनुसार नियुक्त प्रतिनिधि क्षेत्र की जनसमस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने, विकास योजनाओं की प्रगति पर नजर रखने तथा जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगे। इससे आम लोगों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और अधिक सुगम होने की उम्मीद जताई गई है। प्रतिनिधियों की नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद संबंधित क्षेत्रों के समर्थकों और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इससे क्षेत्रीय स्तर पर जनसंपर्क मजबूत होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा।

CMYK

संपादकीय

# अन्नामलाई की बीजेपी से विदाई

कभी तमिलनाडु में भाजपा का चेहरे के रूप में देखे जाने वाले के. अन्नामलाई ने शुक्रवार को अपनी घोषणा के अनुसार पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने स्वीकार भी कर लिया है। इसी के साथ अन्नामलाई ने तमिलनाडु में एक नई क्षेत्रीय पार्टी बनाने का ऐलान किया है, जो आगामी विधानसभा चुनावों में भाग लेगी। उसके पहले अन्नामलाई ने राज्य में एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरूआत करने का भी ऐलान किया। कभी आईपीएस अधिकारी रहे और बाद में नौकरी छोड़ भाजपा में शामिल हुए अन्नामलाई की राजनीतिक महत्वकांक्षाएं ऊंची हैं। शुरू में भाजपा ने उन्हें तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष भी बनाया था। लेकिन बाद में पार्टी ने रणनीति बदलते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान एआईएडीएमके के दबाव में अन्नमलाई को न केवल अध्यक्ष पद से हटाया बल्कि उन्हें विधानसभा चुनाव का टिकट तक नहीं दिया। अपनी उपेक्षा से नाराज अन्नामलाई ने नया रास्ता चुनने के संकेत दे दिए थे। हालांकि बीजेपी आलाकमान ने उन्हें रोकने और धैर्य रखने की सलाह दी थी। अन्नामलाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिलने का समय मांगा था, लेकिन उन्हें समय नहीं मिला। अन्नामलाई राज्य में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते थे, लेकिन भाजपा आलाकमान किसी दूसरे प्लान पर काम कर रहा है। लेकिन अन्नामलाई रूकने को तैयार नहीं थे। शुक्रवार को उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ऐलान किया कि मेरे राजनीतिक लक्ष्य अब पहले से बड़े हो गए हैं और मुझे अधिक लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। अन्नामलाई ने दावा किया कि भाजपा में रहते हुए उन्होंने कभी भी तमिलनाडु की पहचान, संस्कृति और राज्य के जल अधिकारों जैसे मुद्दों पर समझौता नहीं किया। भाजपा छोड़ने के अपने फैसले को लेकर उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन्होंने पूरी गरिमा और सम्मान के साथ लिया है ताकि तमिलनाडु में एक नई तरह की राजनीति की शुरुआत की जा सके। अन्नामलाई ने बताया कि उन्होंने 4 दिसंबर 2025 को ही पार्टी नेतृत्व को अपने इस्तीफे की इच्छा से अवगत करा दिया था, लेकिन उनसे चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक इंतजार करने को कहा गया। अन्नामलाई ने यह भी कहा कि मेरे सामने हमेशा यह द्वंद्व रहा कि मैं पहले भाजपा का कार्यकर्ता हूं या तमिलनाडु का बेटा। आखिरकार मैंने अपने रास्ते पर आगे बढ़ने का फैसला किया। इसके पूर्व 2 जून को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को 2 जून को लिखे अपने इस्तीफे के में अन्नामलाई ने कहा था कि वह तमिलनाडु में विकासोन्मुख और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति के अपने दृष्टिकोण को लेकर पार्टी नेतृत्व पर और बोझ नहीं डालना चाहते। सिंघम के नाम से मशहूर अन्नमलाई आगे क्या करेंगे, इसको लेकर अटकलें जारी हैं। इस बीच उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान उनके समर्थकों ने चेन्नई और कोयंबटूर समेत कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों ने पोस्टर लगाए, जिनमें उन्हें थलाइवर (नेता) और निडर सोच वाला नेता बताया गया। कुछ समर्थकों ने उनके नेतृत्व में नए राजनीतिक आंदोलन की भी वकालत की। अन्नामलाई का बीजेपी छोड़ने का फैसला राज्य की जमीनी हकीकत को देखते हुए लिया गया लगता है। क्योंकि तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए जमीन तमाम कोशिशों के बाद भी नहीं बन पा रही है। ऐसे में चर्चा यह भी है कि अन्नामलाई को इस तरह उड़ने की छूट देना शायद भाजपा का ही प्लान बी हो सकता है। क्योंकि अन्नामलाई राष्ट्रवादी सोच के साथ ही आगे बढ़ना चाहते हैं। उनकी राजनीतिक ताकत का अंदाजा 2029 के लोकसभा चुनाव में ही हो जाएगा। अगर वो अपनी पकड़ बना सके तो भविष्य में भाजपा उनके साथ खुलकर भी आ सकती है। अन्नामलाई खुद को टीवीके नेता जोसेफ विजय का विकल्प मान रहे हैं, कितने साबित होंगे, यह वक्त बताएगा।

# एआई दूर नहीं कर सकता है यह खाई

**मानव अधिकार और पर्यावरण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, आज इसे पूरी दुनिया मानने लगी है। लेकिन यह मान रही है इसके पीछे दुनिया की मजबूरी है वरना मनुष्य अपने भौतिक सुखों में इतना डूब चुका है कि उसे और किसी की खबर कहाँ है? स्वच्छ वायु, शुद्ध जल, सुरक्षित प्राकृतिक संसाधन तथा स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक व्यक्ति के जीवन, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं। इसी कारण आज विश्व स्तर पर स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार एक मूलभूत मानव अधिकार के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत में भी संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार की व्यापक व्याख्या करते हुए न्यायपालिका ने स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को मानव अधिकार का अभिन्न अंग माना।**

**डॉ. कन्हैया त्रिपाठी**

भारत ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला, अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन पहलों ने न केवल पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत किया बल्कि करोड़ों नागरिकों के जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े मानव अधिकारों को भी सुदृढ़ किया है, इस बात का संतोष होता है। मानव अधिकारों का मूल उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। लेकिन बिना अनुकूलता के सम्मान कहाँ मिलता है? यदि किसी व्यक्ति को स्वच्छ हवा न मिले, पीने योग्य पानी उपलब्ध न हो, प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा न मिले या उसका प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित जीवन प्रभावित हो जाए, तो उसके मूल अधिकारों का क्या? पर्यावरणीय क्षरण के सबसे अधिक प्रभाव गरीब, आदिवासी, ग्रामीण और तटीय समुदायों पर पड़ते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण केवल प्रकृति की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और मानव अधिकारों की रक्षा का भी प्रश्न है, मानें या न मानें।

ग्रीन इंडिया मिशन, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, नगर वन योजना तथा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना जैसी पहलों ने हरित क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा मिला और करोड़ों पौधों का रोपण हुआ। लेकिन भारत सरकार द्वारा अपनाई गई पर्यावरणीय नीतियाँ आज भी पर्याप्त हैं, यह कहना ठीक नहीं है। वन वीरान हो गए। लेकिन क्या आपको पता है वन केवल पेड़ों का समूह नहीं हैं, बल्कि वे जलवायु संतुलन, जैव विविधता संरक्षण और लाखों लोगों की आजीविका के आधार हैं। भारत के कुल वन और वृक्ष आवरण में हुई वृद्धि देश की पर्यावरणीय क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है लेकिन वनों की कटाई भी तो खूब हो रही है। यह नहीं भूलना चाहिए कि वनों का विस्तार मानव अधिकारों से सीधे जुड़ा हुआ है क्योंकि इससे



स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, भूमि की उर्वरता तथा जलवायु सुरक्षा सुनिश्चित होती है। ग्रामीण और वनवासी समुदायों की आजीविका भी वन संसाधनों पर निर्भर करती है। इस प्रकार वन संरक्षण सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों को भी सुदृढ़ करते हैं। वनों के साथ हमें जल पर भी बात करनी चाहिए। जल जीवन का आधार है। प्रदूषित जल न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न करता है बल्कि मानव जीवन के अधिकार को भी प्रभावित करता है। इसी उद्देश्य से आरंभ किया गया नमामि गंगे कार्यक्रम भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी पुनर्जीवन योजनाओं में से एक है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीवेज उपचार संयंत्रों की स्थापना, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, नदी तट विकास, जैव विविधता संरक्षण तथा वनीकरण जैसे व्यापक प्रयास किए गए हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण स्तर कम करने तथा जल गुणवत्ता में सुधार के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएँ सरकार द्वारा संचालित की गई हैं। स्वच्छ नदियाँ नागरिकों को सुरक्षित पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन प्रदान करती हैं। इसलिए नदी संरक्षण मानव अधिकारों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता न केवल पृथ्वी को गर्म करने वाली ग्रीनहाउस गैसों की चिंताजनक मात्रा के लिए जिम्मेदार है, बल्कि इस तकनीक का पर्यावरणीय प्रभाव भी इतनी तेज़ी से बढ़ रहा है कि इससे पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव पड़ सकता है।

संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-यूएनयू के एक अध्ययन में बताया गया है कि, एआई से संबंधित जल खपत इस दशक के अंत तक 1।3 अरब लोगों की बुनियादी वार्षिक घरेलू जरूरतों के बराबर हो सकती है, जबकि इसका भूमि फुटप्रिंट 14,500 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो सकता है जो जकार्ता महानगर क्षेत्र के आकार का लगभग दोगुना है। जलवायु परिवर्तन आज मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और चक्रवात मानव जीवन, स्वास्थ्य, भोजन और आवास के अधिकारों को प्रभावित करते हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। मिशन लाइफ, नेशनल ग्रीन कॉर्प्स, इको-क्लब, हरित क्रेडिट कार्यक्रम जैसे अभियान नागरिकों को पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरूक तो बना रहे हैं। लेकिन इससे पर्यावरणीय न्याय मिलना मुश्किल है। पर्यावरणीय न्याय का अर्थ है तो विकास के लाभ और पर्यावरणीय संसाधनों का उपयोग सभी वर्गों तक समान रूप से पहुँचे तथा किसी समुदाय पर प्रदूषण या पर्यावरणीय क्षति का असमान बोझ न पड़े, ऐसा माना जाता है। पर्यावरण और मानव अधिकार एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ न्याय नहीं वहां मानव अधिकारों की बात करना तो बहुत बड़ी बात है। भारत का हरित परिवर्तन केवल पर्यावरण संरक्षण की कहानी नहीं है, बल्कि यह मानव अधिकारों को सशक्त बनाने की भी कहानी है। यह विश्वास, विकास और जनकल्याण पर आधारित एक ऐसी यात्रा है पूरे विश्व को इस यात्रा को समझना होगा। यह आपूर्तिक दाचित एआई से आने वाले वर्षों में नहीं होगी इसे जितना ज़ल्दी समझ लिया जाए, उतना ही अच्छा है। दुनिया के विशेषज्ञ अब कहने लगे हैं कि एआई अवसंरचना के विस्तार से पहुंच और प्रभाव में भी नई असमानताएं पैदा हो रही हैं। इन खाई को दूर करने का विकल्प एआई के पास तो नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के विविध अध्ययन और संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के अध्ययन यह साफ़ आग्रह कर रहे हैं कि एआई का भविष्य न केवल तकनीकी नवाचार पर बल्कि आज लिए गए शासन संबंधी निर्णयों पर भी निर्भर करेगा।

वैश्विक सहयोग और सतत उपयोग जैसे सिद्धांतों पर आधारित एक जिम्मेदार एआई पारिस्थितिकी तंत्र अभी तक पूरी दुनिया में विकसित नहीं हुआ है। क्लाइमेट चेंज की बहस में एआई की अहम भूमिका भले बतायी जा रही हो लेकिन जब हमारी एआई ज्ञान प्रणाली की पारिस्थितिकीय आंकड़े व भाषा की समझ जब अब तक बन ही नहीं सकी है तो वे इतना कारगर कार्य कैसे करेंगे, सवाल यह है?

ऐसे में, भारत समेत दुनिया के मानवाधिकार संरक्षकों को यह अब समझना आवश्यक है कि एआई मानव अधिकार को समझे, पर्यावरण को समझे और पारिस्थितिकीय व्यवस्था को पूरी तरह से समझे और इसके अनुसार एक अच्छा तंत्र प्रामाणिक रूप से दुनिया के विशेषज्ञ तैयार करें तब आमूल-चूल परिवर्तन आएगा। इस वर्ष भी पर्यावरण दिवस मनाया गया। सभी ने अपनी-अपनी डफली, अपना-अपना राग सुना दिया। शायद कल से इस पर बात न हो और हो भी तो एआई से क्लाइमेट जस्टिस की राह ढूंढने की कोशिश की जाए। तो, यह समझ लेना चाहिए कि यह सब बकवास की बातें हो रही हैं, कोई भी गंभीर नहीं है। पर्यावरण दिवस के बाद भी आपकी चिंता दिखे तब आप असली पर्यावरण हितैसियों में सम्मिलित हैं वरना पर्यावरण दिवस पर माइक लगाकर चिल्लाने वाले और प्रदर्शन करने वाले लोगों यह सब दिखावा करना बंद करो। तुम्हारे पास आने वाली पीढ़ी के लिए न कोई चिंता है और न ही तुम उन्हें सुरक्षित करने में किसी काम के हो, यह मान लो। तुम्हारे अर्थहीन स्वांग अक्षम्य हैं, और आने वाली पीढ़ी इसके लिए कभी तुम्हें माफ़ नहीं करेगी।

अध्यात्म

# दूसरों के पीछे मत भागो?



एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ।

युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा।

उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक से जोर-जोर से हांफ रहा था।

स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई?

युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था।

तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है।

युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

# करप्शन की 'आग' में 'खाक' हुईं कई जिंदगियां

**थोड़े समय बाद सबकुछ शांत हो जाता है। मालवीय नगर घटना की भी जांच होगी कुछ दिन? सील किया जाएगा होटल, एकाध गिरफ्तारियां भी होंगी। अवैध निर्माण का हवाला देकर तोड़फोड़ होगी, बुलडोजर भी इलाके में कुछ दिनों तक हूं-हूं करेगा। अंत में प्रशासन फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार कमरे में बैठकर करेगा। मालवीय नगर घटना की तपिश को दिल्ली सरकारी किसी तरह से शांत करने की जुगत में है। बे-मौत मरे लोगों की जान की कीमत कुछ लाख रुपए मुआवजा देकर रफा-दफा करने की फिराक में है। पर, इस हादसे में कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी तो दुनिया ही लुट गई। किसी ने अपना पति खोया, तो किसी ने अपना पिता? क्या इस कमी की भरपाई कोई कर पाएगा? शायद नहीं?**

**डॉ.रमेश ठाकुर**

भीषण अग्निकांड देश की राजधानी के माथे पर बर्निंग कैपिटल का ठप्पा लगा रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में हुए भंयकर अग्निकांडों से शासन-प्रशासन द्वारा सबक न लेने का नतीजा है मालवीय नगर अग्निकांड की घटना? दिल्ली में साल नहीं, बल्कि प्रत्येक महीने कहीं न कहीं अग्निकांड की पुनरावृत्ति हो रही है। लिबर्टी सिनेमा जैसे बड़े अग्निकांड तो मात्र बानगी हैं, उससे भी कहीं बढ़कर दर्दनाक घटनाएं लगातार जारी हैं। यही कारण है कि दिल्ली को अब बर्निंग कैपिटल कहा जाने लगा है। मालवीय नगर घटना में कई विदेशी पर्यटक भी हताहत हुए हैं, जो भारत के लिए वैश्विक स्तर पर शर्मसार करता है? पिछले माह ही पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में एक घर में एसी ब्लास्ट से तीन परिवारों के 9 लोग जलकर मरे थे। उससे पहले पालम विहार में भी एक भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के 9 लोग जिंदा जलकर खाक हो गए थे। मुंडका, पहाड़गंज, जामिया नगर, मंडावली, सदर बाजार, चांदनी चैक की घटनाओं को भी दिल्ली वाले नहीं भूले हैं।

सवाल उठता है, क्या अग्निकांड की घटनाएं कभी रूक पाएंगी या यूं ही बेकसूर लोग आग के हवाले होते रहेंगे। कह सकते हैं कि मालवीय नगर अग्निकांड में 25 लोग जलकर मरे नहीं, बल्कि उनकी सुनियोजित तरीके से चरमराती शासकीय व्यवस्था ने सामूहिक हत्याएं की हैं। लानत और धिक्कार है ऐसी व्यवस्था पर जब ऐसी घटनाओं पर भी लीपापोती की जाती है। मालवीय नगर अग्निकांड इतना दुखद है कि जिसे तस्वीरों में जिन्होंने भी टीवी-अखबारों या सोशल मीडिया के जरिए देखा या सुना? उनके मन को पूरी तरह से झकझोर दिया। घटना के वक्त पीड़ितों की मदद की गुहार और उनकी दर्दभरी चीख-पुकारें चश्मदीदों को रूला रही थीं, वो सहायता के लिए आगे बढ़ना चाहते थे लेकिन असहज थे। दरअसल, आग की लपटों ने पूरे होटल को अपने कब्जे में लिया हुआ था। इसलिए निहत्थे मददगार चाहकर भी कुछ नहीं कर सके। घटना सुबह करीब साढ़े आठ या नौ बजे के आसपास की है।

करीब घंटे-डेढ़ घंटे बाद फायरब्रिगेड, स्थानीय पुलिस व अन्य बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचें और तत्काल प्रभाव से मोर्चा संभाला? लेकिन, शायद तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग ने होटल के सभी कमरों को अपने आगोश में ले लिया था। स्थानीय लोग असहाय थे। मदद करना चाहते थे, लेकिन किसी का कोई बस नहीं चला। आग इतनी तेजी से भड़क हुई थी जिससे बचावकर्मी भी फंस गए। करीब आठ-दस बचावकर्मी भी आग से झुलस गए जिनका चिकित्सा उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। दिल्ली में लगातार होते अग्निकांड के कुछ वाजिब कारण है जिसे हुकूमत अच्छे से जानती है। अव्वल तो, महानगरों में अनियोजित अवैध निर्माण, जो हादसों को चौबीसों घंटे न्योता देते हैं। वहीं, जिस होटल में आग लगी, उसमें कमरों को बनाने की इजाजत मात्र 6 कमरों की थी, लेकिन 25 कमरे बने हुए थे। 4 मंजिला



परमिशन के बाद 7 मंजिला बनाया हुआ था। पूरे होटल में एक भी रेस्क्यू उपाय नहीं था। बिजली का अतिरिक्त लोड लदा था। पूरे होटल की इमारत घूसखोरी के दम पर टिकी थी जिसमें बिजली विभाग से लेकर एमसीडी, पुलिस, फायर ब्रिगेड तक सभी भ्रष्टाचार के तालाब में गोते लगा रहे थे। सभी विभागों ने नियमों को ताक पर रखा हुआ था। ये सभी विभाग प्रत्येक महीने अपना हिस्सा लेकर होटल से जाते थे। स्थानीय सफेदपोश और लोकल प्रशासन भी अंजान नहीं थे।

दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़े की माने तो दिल्ली में इस वर्ष जनवरी में छोटी-बड़ी करीब 1,396 घटनाएं रिपोर्ट हुईं। वहीं, फरवरी में 1,096, मार्च में 1,538 और अप्रैल में बढ़कर ये आंकड़ा 2,663 तक जा पहुंचा। विवेक विहार में 'चाइल्ड केयर अस्पताल' की घटना को याद करके आज भी रोंगटे खडे होते हैं जहां अचानक लगी आग से उपचाराधीन कई दर्जन नवजात बच्चे जलकर मर जाते हैं। उस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसी ही एक घटना दो साल पहले 26 जनवरी को मानसरोवर पार्क में हुई थी जिसमें 4 लोग जलकर मरे थे। कुल मिलाकर इन सभी दर्दनाक घटनाओं से शासन-प्रशासन ने कोई सीख नहीं ली? दिल्ली में अग्निकांड की एक घटना घटती है तो दूसरी घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। हादसे की जांचों का खेल भी बड़ा निराना है। जब तक शोर मीडिया और आम लोगों की चर्चाओं में रहता, जांच के नाम पर डंडा खूब फटकारा जाता है। थोड़े समय बाद सबकुछ शांत हो जाता है। मालवीय नगर घटना की भी जांच होगी कुछ दिन? सील किया जाएगा होटल, एकाध गिरफ्तारियां भी होंगी। अवैध निर्माण का हवाला देकर तोड़फोड़ होगी, बुलडोजर भी इलाके में कुछ दिनों तक हूं-हूं करेगा। अंत में प्रशासन फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार कमरे में बैठकर करेगा। मालवीय नगर घटना की तपिश को दिल्ली सरकारी किसी तरह से शांत करने की जुगत में है। बे-मौत मरे लोगों की जान की कीमत कुछ लाख रुपए मुआवजा देकर रफा-दफा करने की फिराक में है। पर, इस हादसे में कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी तो दुनिया ही लुट गई। किसी ने अपना पति खोया, तो किसी ने अपना पिता? क्या इस कमी की भरपाई कोई कर पाएगा? शायद नहीं? दिल्ली में आग की घटनाओं से पिछले 5 सालों में 2022-2026 जून तक 302 लोगों की मौतें हुईं। पिछले दो सालों में अग्निकांड की घटनाएं दिल्ली में दूसरे राज्यों के मुकाबले सर्वाधिक बढ़ी हैं। अफसोस इस बात का है कि घटनाओं को रोकने और बचाव के इंतजामों में कोई तरक्की नहीं हुई। मई-जून के महीनों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। क्योंकि इन दिनों अतिरिक्त उर्जा लोड बढ़ने से बिजली के तारों से शॉर्टसर्किट होना आम होता है। ये सब जानते हुए भी होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान वाले कोई व्यवस्थाएं अपने यहां नहीं करते। फायर ब्रिगेड भी रामभरोसे हैं उनकी भी तैयारियां पुरानी और बे-जार होती हैं, जबकि उसे आधुनिक किए जाने की जरूरत है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
करियर के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की सम्भावना है।

**वृषभ**
आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**मिथुन**
अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्रगण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा। साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी महत्त्वपूर्ण बैठक के लिये जा रहे हैं, तो आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कन्या**
अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। आज आपको दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों को लाभ होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में आनन्द का अनुभव करेंगे।

**धनु**
आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिये। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। सन्तान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी।

**मकर**
आज अपने काम का भरपूर आनन्द उठायेंगे। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग में अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ**
राजनीतिज्ञ लोगों के लिये दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उन्हें शान्ति से निपटायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मीन**
आय के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेम विवाह के लिये परिवार को सहमत करने में सफलता मिलेगी। नयी सम्पत्ति खरीद सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पालीगंज में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (वन) पालीगंज राजीव चंद्र सिंह ने शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय, पालीगंज में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित कर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों की विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में लंबित कांडों, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अन्य महत्वपूर्ण मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र में गश्ती व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने पर भी जोर दिया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। एसडीपीओ ने अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा को पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### पुनपुन में चोरी हुआ ट्रैक्टर लावारिस हालत में बरामद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से 4 जून 2026 को चोरी हुआ ट्रैक्टर पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद कर लिया है। ट्रैक्टर शंकर उर्फ पताली यादव, पिता जगसोहरी यादव, ग्राम पकड़ी का बताया जा रहा है। पुनपुन थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को गश्ती के दौरान बेलदारी चक सड़क के किनारे एक ट्रैक्टर लावारिस हालत में खड़ा मिला। शक होने पर पुलिस ने आसपास पूछताछ की, लेकिन कोई दावेदार सामने नहीं आया। जांच के बाद ट्रैक्टर की पहचान हुई। यह ट्रैक्टर 04-06-26 को पकड़ी गांव से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पीड़ित शंकर उर्फ पताली यादव ने पुनपुन थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। फिलहाल पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आसपास के उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रैक्टर मालिक शंकर यादव को सुपुर्द कर दिया जाएगा।



### पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन को भाकपा का समर्थन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा-माले ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक के खिलाफ जेन-जेड के आंदोलन का समर्थन किया है। पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह जिला सचिव कामरेड अमर ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि युवाओं का आक्रोश बताता है कि मोदी सरकार जनविरोधी है और जबरन सत्ता में है। 7-8 जून को मसौढ़ी में चल रही भाकपा-माले पटना ग्रामीण पश्चिमी जिला कमेटी की बैठक में बुलडोजर राज, सैटेलाइट टाउनशिप के नाम पर जमीन हड़पने, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध के खिलाफ जनांदोलन खड़ा करने पर चर्चा हुई। पार्टी ने साम्प्रदायिक साजिश के खिलाफ संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया। बैठक में दिवंगत कामरेड भगवान सिंह, रामबृत देवी समेत अन्य को 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। 28 जुलाई को कामरेड चारू मजूमदार की शहादत दिवस पर अभियान, खेग्राम्स-किसान महासभा की सदस्यता और पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी जोर दिया गया। बैठक में पूर्व विधायक गोपाल रविदास, कमलेश कुमार, अमर सेन दास समेत दर्जनों जिला कमेटी सदस्य मौजूद रहे।



### चोरी की ऑटो के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के एक ऑटो के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नीतीश कुमार, पिता सूरज यादव, ग्राम हब्बीपुर, थाना पुनपुन, जिला पटना के रूप में हुई है।पुनपुन थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को अजय चौक के पास नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक ऑटो को रोककर कागजात की जांच की गई। चालक से पूछताछ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ऑटो रजिस्ट्रेशन नंबर इफ01ढट3184 का सत्यापन करने पर पता चला कि इस संबंध में गौरीचक थाना में कांड संख्या 269/26, दिनांक 09-04-26, के तहत मामला दर्ज है। जांच में सामने आया कि यह ऑटो 9 अप्रैल 2026 को गौरीचक बाजार से चोरी हुआ था। ऑटो मालिक ने गौरीचक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने ऑटो जब्त कर आरोपी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अकेले चोरी में शामिल था या इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है।

### कोर्ट में चल रहे मामले को दरकिनार कर कराई गई नापी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अंचल कार्यालय और पुलिस की निगरानी में चर्च रोड में जमीन पर सिविल कोर्ट में चल रहे मामले की जानकारी देने के बाद भी भूखंड की नापी शनिवार को कराई गई है। बताया जाता है कि जमीन की नापी कराने को लेकर पूर्व से सिविल कोर्ट में केस लंबित है जिसकी जानकारी अंचल अधिकारी को लिखित तौर पर दी गई।इसके बावजूद क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर जमीन की नापी करा कर पीलर गाड दिया गया। मौके पर पुलिस और कर्मचारी मौजूद रहे। इससे अंचल कार्यालय की मनमानी कार्यशैली विवाद के घेरे में आ गई है।

### बाढ़ में साइबर कैफे में छापेमारी, दो हिरासत में

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के स्टेशन रोड में पुलिस साइबर कैफे में शनिवार की देर रात को छापेमारी की। इस दौरान दो लोगों को हिरासत में लिया गया।इस की संबंध में पुलिस ने अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। जानकारी के अनुसार सब इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और साइबर कैफे में जांच पड़ताल के बाद दो लोगों को हिरासत में ले लिया है जिसे वाहन में बिठाकर थाने ले गई है।

### बाढ़ में आशा कार्यकर्ता के साथ छेड़खानी, लूटपाट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकीमपुर गांव में आशा कार्यकर्ता गणिता कुमारी के साथ कुछ लोगों ने छेड़खानी की। आरोपियों ने आशा कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी कर 10 हजार और सोने की चेन आदि लूट लिया। इस संबंध में आशा ने थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस नाकाम साबित हुई। आशा कार्यकर्ता दहशत में है। आशा ने बताया कि वह जा रही थी।इसी दौरान रास्ते में 5 लोगों ने रोक कर छेड़खानी शुरू कर दी और सामान लूट लिया। बाद में पिस्तौल दिखाकर जान मारने की भी धमकी दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है वहीं आशा कार्यकर्ता आरोपी की धमकी के बाद दहशत में है।घर से वह काम को लेकर बाहर नहीं निकल रही है। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर लिया है।

### सेंट्रल बैंक पुनपुन के बाहर से दिनदहाड़े अपहरण, बैंक से पैसा निकाल कर बाहर निकलने के दौरान घटीं घटना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बाहर से एक व्यक्ति का दिनदहाड़े अपहरण कर लिये जाने का मामला प्रकाश मे आया है। बताया जा रहा है की बदमाशों ने बैंक से पैसे निकालकर निकले व्यक्ति को जबरन गाड़ी में बैठाया और सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित संतोष कुमार, पिता सूबेदार पासवान, ग्राम नुरफहीमपुर, थाना परसा बाजार, ने पुनपुन थाने में आवेदन दिया है। संतोष ने बताया कि 06-06-26 को वह अपने पिता सूबेदार पासवान, मित्र बिट्टू कुमार और सूरज कुमार के साथ सेंट्रल बैंक पुनपुन से 1,56,000 रुपये निकालकर बाहर निकले थे। जहाँ बैंक के बाहर पहले से घात लगाए अविनाश कुमार, चंदन कुमार, पिंटू कुमार और 3-4 अज्ञात लोग जबरन उनके पिता सूबेदार पासवान को गाड़ी में बैठाने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने बिट्टू कुमार के गले से सोने की चेन छीन ली, जिसकी कीमत करीब 1,90,000 रुपये बताई जा रही है। इसके बाद सभी बदमाश पीड़ित के पिता को गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने पुनपुन थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है। संतोष कुमार ने पुलिस से अपने पिता को सकुशल बरामद करने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। गाड़ी नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# मसौढ़ी में मिट्टी लदा ट्रैक्टर पलटा, 12 साल के आयुष की दबकर मौत



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां विशंभरपुर गांव में रविवार सुबह मिट्टी से लदा ट्रैक्टर पलटने से 12 वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है। मृतक की पहचान आयुष कुमार, उम्र 12 वर्ष, पिता नेपाली यादव, निवासी विशंभरपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव के ही एक खेत से मिट्टी काटकर ट्रैक्टर पर लादकर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आयुष ट्रैक्टर पर बैठ गया गांव के आगे पुलिया पर चढ़ने के दौरान ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अचानक ऊपर उठ गया और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां-बाप और परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा, लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया। पुलिस ने घंटों परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। अंत में परिजनों से पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात लिखित में लेकर पुलिस वापस लौट गई। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी ढुलाई के दौरान अक्सर ट्रैक्टरों पर बच्चे बैठ जाते हैं, जो खतरनाक है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर न बैठने दें। इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

# मोकामा में भारत विकास परिषद की परशुराम शाखा का शुभारंभ

## गरीबों-शोषितों की सेवा को समर्पित



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र में रविवार को भारत विकास परिषद की मोकामा परशुराम शाखा का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह सह कार्यशाला में बाढ़ विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने इस शाखा को गरीबों, दलितों और शोषित वर्ग की सेवा में समर्पित किया।कार्यक्रम की शुरूआत संगठन के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव मुकेश कुमार, प्रांतीय महासचिव डॉ. रंजन आशुतोष शरण, मोकामा शाखा अध्यक्ष संजीव कुमार, सचिव अविनाश कुमार चंदन और संयोजक राहुल रंजन सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यशाला में बख्तियारपुर, बाढ़, जमुई और मोकामा शाखा के भारत विकास परिषद के पदाधिकारी भी शामिल हुए।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद का मुख्य उद्देश्य सेवा, संस्कार, सहयोग, समर्पण और संपर्क यानी फाइव एस को धरातल पर उतारना है। उन्होंने सभी नए पदाधिकारियों को इसी भावना से काम करने का मंत्र दिया।विधायक ने पौधारोपण को मानव जीवन की सुरक्षा के लिए अनिवार्य बताया। नई शाखा के पौधारोपण संयोजक चंदन कुमार के साथ अमृतेश कुमार, देव कुमार शर्मा, विनीत कुमार, पंकज कुमार, विनोद कुमार, दिलीप कुमार, जनमेजय कुमार, रौशन कुमार,बैकुंठ झा, रामकुमार, शंभु सिंह समेत दर्जनों नए सदस्यों ने समारोह में हिस्सा लिया और पौधारोपण का संकल्प लिया।

## मोकामा की मिट्टी के लाल ने बढ़ाया मानः ग्रैपलिन एशियन चैंपियनशिप में आयुष ने जीता कांस्य

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वियतनाम में 4-6 जून तक आयोजित तीन दिवसीय ग्रैपलिन एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर लौटे आयुष कुमार का रविवार को मोकामा में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कोलकाता से अकाल तख्त एक्सप्रेस से मोकामा स्टेशन पहुंचते ही आयुष को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।नगर सभापति नीलेश कुमार, वार्ड पार्षद शोएब खान, युवा खिलाड़ियों और सैकड़ों समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर आयुष का अभिनंदन किया। स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा के बीच एक झलक पाने को लोगों में होड़ मच गई। बरहपुर ग्राम निवासी विकास मित्र मधुमिता कुमारी और सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार के पुत्र आयुष के सम्मान में स्टेशन से मोर गांव तक भव्य रोड शो निकाला गया।रोड शो के दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में 'मोकामा की मिट्टी के लाल' पर लोगों ने फूलों की बारिश की। सैकड़ों बाइक और वाहनों के काफिले के साथ निकले जुलूस में 'भारत माता की जय' के नारे गूंजते रहे। पैतृक गांव बरहपुर में आयुष की आरती उतारी गई और स्वजनों ने भावुक होकर स्वागत किया। मोर गांव पहुंचकर आयुष ने मां जगदम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



## पुलिस की दबिश से डरे चोर, लाखों के चोरी के जेवरात घर में फेंककर भागे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरामा चकिया गांव में चोरों ने पुलिस की लगातार छापेमारी से डरकर चोरी के लाखों के जेवरात उसी घर में फेंक दिए जहां से 4 जून की रात चोरी हुई थी। यह पहला मामला है जब पुलिसिया दबिश के कारण चोरों ने चोरी का माल वापस लौटाया। पीड़ित तस्वीर कुमार, पिता राम एकबाल रविदास ने थाने में आवेदन दिया था कि 4 जून 2026 की रात खाना खाकर परिवार सो गया था। 5 जून को रात करीब 2:15 बजे नींद खुली तो घर का सामान बिखरा था। बक्सा खुला था और उसमें रखे सोने की सिकरी, मंगलसूत्र, झुमका, कान की बाली, अंगूठी और चांदी की पायल, सिकरी समेत लाखों के आभूषण गायब थे। घटना की सूचना पर पिपरा पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। संदिग्धों से पूछताछ और लगातार दबिश बनाई गई। पुलिस दबिश से घबराए चोरों ने बीती रात अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी का सामान तस्वीर कुमार के घर के पास फेंक दिया और फरार हो गए।

# कार्यकर्ताओं की एकजुटता से मजबूत होगी पार्टी : सुनील यादव



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पालीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील यादव उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और एकजुटता पर निर्भर करती है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने तथा आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में जिला अध्यक्ष चंदन यादव, पालीगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, दुल्हिनबाजार प्रखंड अध्यक्ष राहुल पासवान तथा महिला प्रदेश सचिव प्रभा देवी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पार्टी की भूमिका पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और कार्यकताओं ने संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा दिलाया।

# मीठापुर सब्जी बाजार में आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई हटाया जाएगा अतिक्रमण



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दिनांक 06.06.2026 को पटना जंक्शन के पश्चिमी छोर स्थित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के नीचे संचालित मिथापुर सब्जी बाजार में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।यह अभियान आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में भारी संख्या में बल की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उक्त बाजार लंबे समय से रेलवे की भूमि पर अनधिकृत रूप से संचालित किया जा रहा था। अभियान के दौरान रेलवे भूमि पर अवैध रूप से व्यवसाय कर रहे 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्रवाई मानी जा रही है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेलवे की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अनधिकृत व्यावसायिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार दानापुर मंडल के अंतर्गत रेलवे की खाली पड़ी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आगे भी इसी प्रकार के विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे। इस उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि अभियान को प्रभावी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित किया जा सके।रेल प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि रेलवे भूमि पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत कब्जा अथवा व्यावसायिक गतिविधि न करें तथा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

## मोकामा में आठ महीने पुरानी सड़क पर चला जेसीबी, बिना एनओसी खुदाई से मचा हड़कंप

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क चौड़ीकरण और निर्माण के नाम पर मोकामा में सिर्फ आठ महीने पहले बनी पीसीसी सड़क को जेसीबी से खोद दिया गया। मामला तूल पकड़ते ही बुडको के दबाव पर शाम तक खोदाई रोक दी गई।यह सड़क शहीद गेट से परशुराम मंदिर मोड़ तक बनी थी। बुडको ने नवोदय कुमार नामक एजेंसी से करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण कराया था।अब आरसीडी ने इसी सड़क को शहीद गेट से विद्युत शवदाह गृह तक करीब दो किमी लंबा कर कालिकरण का टेंडर मदर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया है। इस पर 5.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे।रविवार को अचानक जेसीबी से नई बनी सड़क की खोदाई शुरू होते ही मोकामा से पटना तक हड़कंप मच गया।खोदाई की खबर मिलते ही बुडको बैकफुट पर आ गया।

## रेलवे ट्रैक पर लगती है 'जिंदगी की मंडी', रोजगार की आस में जान जोखिम में डालते हैं सैकड़ों मजदूर, न छत न ठिकाना

### तारेगना स्टेशन के पास रेलवे गुमटी बनी लेबर चौक, प्रशासन से आश्रय स्थल बनाने की दरकार



शशि तुलस्यान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ सरकार श्रमिकों के कल्याण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं मसौढ़ी में हकीकत कुछ और ही है। पटना-गया रेलखंड पर तारेगना रेलवे स्टेशन के दक्षिण गुमटी पर हर सुबह एक 'मजबूरी की मंडी' सजती है। सैकड़ों मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पर ही काम के इंतजार में बैठ जाते हैं। सुबह के 6 बजते ही तारेगना गुमटी के पास रेलवे ट्रैक का नजारा बदल जाता है। हाथ में कुदाल, तसला, हथौड़ा लिए संतोष, रविंद्र, मोहन, सुदामा, शंभू, गणेश जैसे सैकड़ों मजदूर दूर-दराज के गांवों से पैदल या साइकिल से पहुंचते हैं। इनकी उम्मीदों की मंडी रेल की पटरियों पर ही लगती है। मजदूर संतोष कुमार कहते हैं, साहब, पेट की आग बुझाने निकले हैं। गांव में काम नहीं मिलता। यहां गुमटी के पास ही ठेकेदार आते हैं और दिहाड़ी पर ले जाते हैं। रविंद्र प्रसाद की आंखें भर आती हैं, कई दिन तो बिना एक रुपया कमाए ही खाली हाथ घर लौटना पड़ता है। बच्चे पूछते हैं बाबूजी क्या लाए, तो शर्म से नजर झुका लेते हैं। रेलवे अधिनियम के तहत ट्रैक पर बैठना अपराध है। एक छोटी सी चूक बड़ा हादसा बन सकती है। लेकिन मजदूरों के पास कोई चारा नहीं। मोहन प्रसाद बताते हैं, हम जानते हैं गलत है, पर करें क्या? मसौढ़ी में हमारे लिए न कोई लेबर शेड है, न खड़े होने की जगह। धूप हो या बारिश, यहीं ट्रैक पर बैठकर ग्राहक का इंतजार करते हैं। मजदूरों का आरोप है कि कई बार स्थानीय प्रशासन से आश्रय स्थल बनाने की मांग की, पर आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सुदामा कहते हैं, हम वोट भी देते हैं, पर हमारी कोई नहीं सुनता। एक अदद छत मिल जाए जहां सामान रख सकें, धूप-बारिश से बच सकें। बहरहाल सिस्टम पर सवाल उठना लाजमी है की जब मसौढ़ी में रोज सैकड़ों मजदूर आते हैं तो उनके लिए लेबर चौक या रैन बसेरा क्यों नहीं बनाया गया, ये तस्वीरें विकास की चकाचौंध में मजदूर की मजबूरी दब जाती है। ये हाथ देश बनाते हैं, पर खुद बेघर हैं। इन्हें सहारे की नहीं, बस एक अदद ठिकाने की दरकार है जहां ये सुरक्षित बैठकर अपनी मेहनत का मोल पा सकें। क्या प्रशासन इनकी सुनेगा?

## 6.90 लाख लेकर गलत जमीन की रजिस्ट्री कर देने के मामले में फरार आरोपी के घर साटा इश्तेहार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पैसा लेकर गलत जमीन की रजिस्ट्री करने और दाखिल-खारिज न कराने के आरोपी बिरेन्द्र साह के घर पर पुनपुन पुलिस ने इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है।आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है। पुनपुन थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 103/21 के तहत कोर्ट के आदेश पर नामजद अभियुक्त बिरेन्द्र साह, पिता राधे साह, निवासी तेजप्रताप नगर,पटना के घर पर विधिवत इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है।वादी दीपक कुमार, पिता जगदीश प्रसाद, निवासी रुद्रबाग, पटना ने आवेदन में बताया कि उन्होंने 3 फरवरी 2017 को बिरेन्द्र साह से मौजा पुनपुन में 3 कट्ठा 18 धुर 16 धुरकी जमीन 6 लाख 90 हजार रुपये नगद देकर खरीदी थी।दीपक कुमार का कहना है कि रजिस्ट्री के बाद जब उन्होंने जमीन का दाखिल-खारिज करवाकर कागजात मांगे तो बिरेन्द्र साह हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर टालता रहा जब अपने स्तर से पता करने पर जानकारी मिली कि बिरेन्द्र साह ने गलत जमीन लिख दी है। इतना ही नहीं, इस जमीन को बिरेन्द्र साह पहले भी किसी और व्यक्ति के नाम लिख चुका था। यानी एक ही जमीन को दो बार बेच दिया गया। पुनपुन पुलिस ने बताया कि आरोपी लगातार फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर उसके घर इश्तेहार साटा गया है।

## बाढ़ में अपराधियों का तांडव, दो जगह हुई लूटपाट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र मैं अपराधियों ने लगातार लूट की दो वारदात को अंजाम देकर विधि व्यवस्था तार-तार कर दिया। फोरलेन पर आसान चक गांव के पास कर पर सवार हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार को लूट लिया पंडारक थाने के गोवा शहर शेखपुरा निवासी लवकुश दिवाकर अपने परिवार के सदस्य के साथ बाइक से बिहार शरीफ जा रहा था इसी दौरान कर पर सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर उसे रोक दिया और पिस्तौल दिखाकर पर्स मोबाइल एनटीपीसी का गेट पास आदि लूट लिया जबकि फोर लाइन पर पुलिस ग्रस्त दल की ड्यूटी लगी हुई है इसके बावजूद अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया वहीं दूसरी तरफ बाजार समिति के पास मुकीमपुर गांव के निवासी राजेश कुमार नामक युवक को घात लगाए तीन बदमाशों ने मोटरसाइकिल रोककर उसके साथ जमकर मारपीट की।

# पेपरलेस निबंधन व्यवस्था लागू करने से पहले आधारभूत समस्याओं का समाधान जरूरी : दस्तावेज लेखक

## पालीगंज में बिहार दस्तावेज लेखक संघ की आम सभा, पारिश्रमिक वृद्धि व प्रशिक्षण की उठी मांग





**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार दस्तावेज लेखक संघ की एक आम सभा रविवार को पालीगंज स्थित पूर्णिमा मैरेज उत्सव हॉल में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता संघ के पालीगंज शाखा अध्यक्ष मोहम्मद नजर फिरदोश ने की तथा संचालन दिलीप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर बिहार दस्तावेज लेखक संघ की सक्रिय समिति के सदस्य प्रमोद कुमार प्रसाद, रविभूषण तिवारी, मोहम्मद रहमत अली, उमेश चौधरी, शादाब अख्तर, उपेंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अंजित कुमार, लाल बाबू प्रसाद, भगवान यादव, सुरेश सिंह, पप्पू कुमार सिन्हा एवं मोहम्मद नजर फिरदोश को आयोजन समिति की ओर से फूल-माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा सभी निबंधन कार्यालयों में प्रस्तावित पेपरलेस जमीन निबंधन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा में उपस्थित दस्तावेज लेखकों ने कहा कि बिहार जैसे राज्य में वर्तमान समय में पेपरलेस निबंधन प्रणाली लागू करना कई व्यावहारिक चुनौतियों से जुड़ा है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस व्यवस्था को लागू करने से पूर्व जमीनी स्तर पर मौजूद समस्याओं का समाधान किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि जमाबंदी अभिलेखों का अद्यतन नहीं होना तथा कई क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा की कमी इस योजना के सफल क्रियान्वयन में बड़ी बाधा साबित हो सकती है। दस्तावेज लेखकों ने सरकार से वर्षों से लंबित पुनरीक्षित पारिश्रमिक में वृद्धि करने की मांग करते हुए कहा कि नई व्यवस्था लागू करने से पहले दस्तावेज लेखकों एवं उनके सहयोगियों को सशक्त यूजर आईडी उपलब्ध कराई जाए तथा उन्हें पेपरलेस प्रणाली के संचालन संबंधी समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। सभा में दिवाकांत झा, विजय कुमार, एजाजुल हक, शत्रुंजय प्रसाद, सिराज आलम, अमोल यादव, चंद्रभूषण कुशवाहा, कृष्णदेव जी तथा श्याम नंदन यादव सहित कई गणमान्य लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभा के अंत में दस्तावेज लेखकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के जनहित के कार्यों को जनता को बताएंगे भाजपा

**- भाजपा सरकार के 12 साल के बेमिसाल सफर को कार्यकर्ता से किया जाएगा साझा**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा जमालपुर नगर पूर्वी मंडल की मासिक बैठक नगरध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के अतिथि ज़िलाध्यक्ष डा अरुण पोद्दार एवं महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव थे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल पर को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के जनहित में जारी जन योजनाओं की निगरानी हम कार्यकताओं को करना परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में जनसंघ काल के सक्रिय कार्यकर्ता सदर बाजार धर्मशाला रोड निवासी जगदीश शर्मा कि मृत्यु होने पर दो मिनट मौन धारण कर शोक प्रकट किया गया। मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रहलाद घोष,नीलम भगत,संतोष कुमार,कुंदन नाथ,उत्तम सिन्हा, नंदलाल दास,रवि मोदी,समीर सिंह, मिलन,राजीव रंजन सिंह,रवि पासवान,मदन साह इंद्रजीत सिंह, सुषमा सिन्हा, राहुल खेतान आदि।



### जब्त वाहन का चक्का चोरी में दो गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने जब्त वाहन का चक्का चोरी करने के आरोप में दो चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चोरों में राम जयपाल नगर निवासी शिवम कुमार और आकाश कुमार को गिरफ्तार किया। जबकि इस मामले में पुलिस एक किशोर से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि रूपसपुर टिओपी के पास जब्त वाहन के चक्का चोरी करने के आरोप में एक किशोर समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के बाद दो चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 42 पुड़िया स्मैक के साथ महिला व पुरुष गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तुरहाटोली में छापेमारी कर एक महिला समेत एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 42 पुड़िया स्मैक और करीब 14,770 रुपए नगद बरामद किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर पुलिस अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत तुरहाटोली में छापेमारी कर एक महिला श्यामला देवी और राजेश राम को 42 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने बताया कि सभी स्मैक की पुड़िया ग्राहकों को बेचने के लिए रखे थे। शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्त इलाके में स्मैक बेचने का काम करते थे। गुप्त सूचना के आधार पर उनकी गिरफ्तारी की गई है। स्मैक की पुड़िया व नगद रुपए बरामद किया गया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मोकामा में सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के कोलसाइटिंग मोहल्ले में रविवार शाम सड़क किनारे कीचड़ से सना एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। रविवार शाम करीब 4:30 बजे स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि मृतक आसपास के इलाके का नहीं लगता। आशंका है कि बाहर से आने के दौरान मौत हुई हो।मौत के कारणों पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस फिलहाल कुछ भी स्पष्ट बताने से बच रही है।सूचना मिलते ही बाढ़ एसडीपीओ राम कृष्णा ने घटनास्थल का मुआयना किया।देर रात पटना से एफएसएल की टीम भी मोकामा पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।



### चोरी के आभूषण के साथ कुख्यात चोर गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को मोकामा पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे कुख्यात चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से चोरी के सोने के आभूषण भी बरामद किए गए हैं।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सकरबार टोला निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र प्रेमजीत उर्फ कोयमा के रूप में हुई है। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था और कई चोरी की वारदातों में वांछित था।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रेमजीत उर्फ कोयमा भूतनाथ घाट पर किसी परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से चोरी किए गए सोने के कुछ आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। बरामद आभूषणों की कीमत का आकलन किया जा रहा है।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने कहा, "आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और काफी समय से फरार था। इससे अन्य मामलों के खुलासे की भी उम्मीद है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।"

### जेवर दुकान का शटर काटकर लाखों के जेवरात चोरी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर थाना क्षेत्र के दियारा स्थित पतलापुर बाजार में विगत रात एक ज्वेलरी दुकान का शटर तोड़ कर लाखों के सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गई। वहीं सुचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पतलापुर बाजार में मंटू राय के मकान में स्थित ज्वेलरी की दुकान है। ज्वेलरी दुकान मालिक त्रिभुवन ने बताया कि शनिवार की देर शाम वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। रविवार की अहले सुबह आसपास के लोगों ने बताया कि उनके दुकान का शटर टूटा पड़ा है, और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। वह आनन फानन में दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा है। दुकान में मौजूद तिजोरी का लॉक टूटा पड़ा है और उसमें रखें लाखों के सोने चांदी के जेवर नदारत है। इसके अलावा गल्ले में रखे करीब 30 हजार रुपए नगद वह भी अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिए गए है। उन्होंने तुरंत चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस को दी वही मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ छानबीन में जुट गई है।

### दनियावां पुलिस ने दो वारंटियों के घर इश्तेहार चिपकाया

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को दनियावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के नेटार गांव के दो फरार बांटी के घर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध दनियावां थानाध्यक्ष खुशबू खातुन ने बताया कि ने बताया कि थाना क्षेत्र के नेटार गांव निवासी फरार बांराटी अभियुक्त अशोक बिंद एवं चिंतामन बिंद के घर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया अग्रिम करवाई कि जा रही है। उन्होंने बताया कि वही इश्तिहार वारंटी अभियुक्त संतोष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### फरार वारंटी के घर इश्तेहार चिपकाया

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना की पुलिस ने शनिवार को आर्म्स एक्ट व गोलीबारी करने वाले फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की है। फरार आरोपी अंशु कुमार व अंकुश कुमार है। दोनों सम्मसपुर स्थित जफराबाद मुहल्ले में किराया के मकान पर रहते हैं। पुलिस ने यह इश्तेहार किराया वाली मकान पर चिपकाया है। इस संबंध में अनुसंधान कर्ता श्री भगवान यादव ने बताया कि इनके विरुद्ध नदी थाना कांड संख्या 127/25 के तहत मामला दर्ज है। दोनों के विरुद्ध किन्नरों के साथ मारपीट करने व गोलीबारी करने का आरोप है। उन्होने कहा कि यदि दोनों आरोपी सरेंडर नही करते हैं तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# जल जीवन हरियाली अभियान के तहत मनरेगा के दिये गये लक्षित कार्यों की समीक्षा





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में 06 जून 2026 को डॉ. राधा कृष्णन सभागार, मोतिहारी में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा तथा जल संसाधन विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के साथ मनरेगा के विभिन्न अवयवों एवं मनरेगा अभिसरण से वार्ड योजना का क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई। उक्त बैठक में Ongoing वृक्षारोपण योजना के अंतर्गत मानव दिवस सृजन एरिया ऑफिसर एप से मनरेगा योजना का निरीक्षण प्माय मनरेगा अभिसरण से योजना का क्रियान्वयन जल जीवन हरियाली अभियान के तहत मनरेगा के विभिन्न अवयवों का वित्तीय वर्ष 2026-27 दिए गए लक्ष्य में कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उक्त बैठक में डॉ. कुंदन निदेशक एन.ई.पी., सभी कार्यपालक अभियंता हफ्छ सभी सहायक अभियंता वार्ड सभी कनीय अभियंता वार्ड साथ ही कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता मनरेगा और जिला मिशन प्रबंधक, जल जीवन हरियाली अभियान उपस्थित थे। मानव दिवस सृजन की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी पीओ को निर्देश दिया गया कि प्रति पंचायत 500 सुनिश्चित करें। समीक्षा में पाया गया कि अभी भी 175 पंचायत में मानव दिवस सृजन 200 से कम है। मनरेगा के सभी पैरामीटर पर कार्य करने का निर्देश सभी ढड को दिया गया। इस जिला को जून 2026 तक 36 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें अब तक सिर्फ लगभग 32 प्रतिशत% ही मानव दिवस सृजित किया गया है जो लक्ष्य से काफी पीछे है। इसमें प्रगति लाने का निर्देश सभी पीओ को दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि अब भी प्रगति संतोषजनक नहीं है और स्टेट के औसत से काफी कम है । साथ ही सार्वजनिक और निजी वृक्षारोपण की कुल 14470 योजनाएं ऑन गोइंग है और इसमें 51% योजनाओं पर इस वित्तीय वर्ष में मानव दिवस सृजन किया गया है। उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी पीओ को जून माह में वृक्षारोपण की सभी योजनाओं पर शत - प्रतिशत लेबर डिमांड करने का निर्देश दिया गया। जल जीवन हरियाली अभियान के अंतर्गत मनरेगा के विभिन्न अवयवों की समीक्षा में पाया गया की इसमें प्रगति हुई है। जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जो लक्ष्य दिया गया है उसके सभी अवयव की समीक्षा में पाया गया कि प्रगति हुई है परन्तु पईन का जीर्णोद्धार, सोखता का निर्माण, निजी खेत - पोखरा का निर्माण और छत वर्षा का लक्ष्य में प्रगति कम है। इसमें प्रगति लाने का निर्देश सभी पीओ को दिया गया। मनरेगा के कई पैरामीटर पर कई प्रखंड लगातार समीक्षा के बाद भी पीछे हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए 13 प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी मनेगा से स्पष्टीकरण किया गया है । जिन प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को स्पष्टीकरण किया गया है वह प्रखंड कल्याणपुर, पहाड़पुर, अरेराज, संग्रामपुर, कोटवा, मोतिहारी, केसरिया, तुरकौलिया, छौड़ादानों, मेहसी पकड़ीदयाल, आदापुर, और मधुबन है। प्रखंड तेतरिया के सेमराहा पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक मो. रिजवान अंसारी के स्पष्टीकरण करने के बाद भी कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। उप विकास आयुक्त महोदय के द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए चयन मुक्त करने निर्देश दिया गया है। जल संसाधन विभाग की कुल 614 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई जिसमें आज तक सिर्फ 465 का ही एंट्री पोर्टल पर किया गया और 49 योजनाओं पर कायारंभ किया गया है। इस पर उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता वार्ड को प्रगति करने का निर्देश दिया गया। सभी कार्यपालक अभियंता वार्ड को सख्त निर्देश दिया गया कि सभी 614 योजनाओं की एंट्री कराएं साथ ही जिस भी योजना का जिओ टैगिंग हो गया है उस पर कार्य शुरू करें ।

## जेई एडवांस में हिमांशु कुमार ने लहराया परचम, ऑल इंडिया रैंक 907 हासिल की

**श्रीपुर खास गांव के छात्र ने क्षेत्र का बढ़ाया मान**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीपुर खास गांव निवासी हिमांशु कुमार ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेई एडभांस 2026 में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. हिमांशु ने परीक्षा में 141 अंक प्राप्त करते हुए कॉमन रैंक लिस्ट में 7471वीं रैंक तथा GEN-EWS श्रेणी में 907वीं रैंक हासिल की है. हिमांशु, अशोक सिंह के पुत्र हैं. उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है.परिणाम घोषित होने के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. ग्रामीणों ने इसे घोड़ासहन क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है.हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया. उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह सफलता संभव हो सकी.



ग्रामीणों एवं शिक्षाविदों ने उम्मीद जताई है कि हिमांशु आगे चलकर किसी प्रतिष्ठित आईआईटी में प्रवेश लेकर क्षेत्र और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और ऊंचा करेंगे. उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी. बधाई देने वाले में बीडीओ चंद्रभूषण कुमार,सीओ आनंद कुमार, प्रो. आसित कुमार तिवारी, प्रो. लालबाबू सिंह,प्रखंड शिक्षक संघ के प्रवक्ता आमोद कुमार सिंह आदि ने बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## 358 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, एक महिला दो पुरुष गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देर रात नदी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दरम्यान पक्की दरगाह के पास एक टेम्पो से 258 बोतल प्रतिबंधित कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद किया है। बरामद कफ सिरप की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई जा रही है । इस संबंध में गुरुवार को एस डी पी ओ अबधेश कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि नदी थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना पर देर रात थाना क्षेत्र के पक्की दरगाह के समीप वाहन चेकिंग लगाया गया था। इसी क्रम एक सी एन जी टेम्पो पुलिस को देखते ही अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुए बंका घाट स्किटेशन कि ओर भागने लगा जिसे पुलिस द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दरम्यान टेम्पो पर लदा 100एम एल का 358 बोतल प्रतिबंधित कोडिन युक्त कफ सिरप वरामद करते हुए टेम्पो पर सवार एक महिला एवं दो पुरुष को गिरफ्तार है।

## रक्सौल में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 70 लीटर चुलाई शराब के साथ तस्कर धराया

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान शराब ढोने में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बेला नहर रोड के रास्ते अवैध शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी इंस्पेक्टर सोनू कुमार के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास रखे दो झोलों से सात प्लास्टिक के थैलों में भरी कुल 70 लीटर चुलाई शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मुरला गांव निवासी हीरालाल महतो के रूप में हुई है। आबकारी विभाग ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी। आबकारी इंस्पेक्टर सोनू कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब निर्माण, तस्करी और बिक्री में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा पूरे नेटवर्क का पता लगाकर संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। आबकारी विभाग ने आम लोगों से भी अवैध शराब संबंधी सूचना देने की अपील की है।



## बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज का जमालपुर में हुआ उद्घाटन

**50 एक्यूप्रेशर चिकित्सकों को दिए गए प्रमाण पत्र**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज पटना शाखा जमालपुर का उद्घाटन रविवार को दरियापुर में हुआ। उद्घाटन के मौके पर जिले भर के 50 एक्यूप्रेशर चिकित्सकों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पटना से एक्यूप्रेशर विश्वविद्यालय के सचिव डॉ अजय प्रसाद ने कहा कि बिहार में एक्यूप्रेशर को बढ़ावा देने को लेकर हर जिले में महाविद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी कड़ी में जमालपुर में यह शाखा डॉक्टर मुकेश के अथक प्रयास का नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि एक्यूप्रेशर के माध्यम से बीमारियों को दूर भगाना है और बिहार में बेरोजगारी को कम करना है। इसके पहले जमालपुर शाखा के प्रिंसिपल नूतन कुमारी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। वही डॉक्टर मुकेश ने कहा कि 26 साल का संघर्ष के बाद आज जमालपुर में एक्यूप्रेशर कॉलेज की स्थापना की गई है। आशा करता हूं कि इस कॉलेज से ज्यादा से ज्यादा लोग एक्यूप्रेशर के बारे में जानेंगे समझेंगे और इसमें दाखिला लेंगे। मौके पर दयानंद प्रसाद, कमल नारायण साहू,रंजीत कुमार,अमित कुमार,डॉ वीरेंद्र, अमित कुमार दो एमपी अकेला सहित कई मौजूद थे।




## बाढ़ अंचल कार्यालय में फर्जीवाड़ा उजागर, दाखिल खारिज प्रक्रिया पर उठा सवाल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का एक सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है जिसमें फर्जी तरीके से कागजात पेश कर दाखिल खारिज कराकर रसीद निर्गत कर दिया गया। विपक्षी द्वारा शिकायत करने के बाद पूरे घोटाले का राज खुला। इसके बाद शनिवार को राजस्व कर्मचारी नीतीश कुमार के द्वारा आवेदक अरुण कुमार पर केस दर्ज कराया गया। मामला उजागर होने के बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया है। अंचल कार्यालय में बाढ़ के बुढ़नीचक गांव निवासी अरुण कुमार पिता राजेंद्र साव के द्वारा ऑनलाइन आवेदन दाखिल खारिज का दिया गया था। इसमें बेढ़ना मौजा के थाना नंबर 70 में दाखिल खारिज वाद के अंतर्गत दाखिल खारिज करने का अनुरोध किया गया था। इसमें अंचल कार्यालय की मिलीभगत से दूसरे पक्ष के हिस्से की जमीन में गोलमाल कर दाखिल खारिज कर दिया गया। हैरत की बात यह है कि इसका रसीद भी निर्गत कर दिया गया। इसमें आवेदक अरुण कुमार के द्वारा अपने भाई सुरेंद्र कुमार के हिस्से को भी हड़प लिया गया। जबकि पूरा मामला जांच पड़ताल का है। इस दाखिल खारिज के मामले के बाद अंचल कार्यालय की कार्यशैली विवाद के घेरे में आ गई है ।बताया जाता है कि विपक्षी के द्वारा अंचल कार्यालय में गलत तरीके से दाखिल खारिज करने का विरोध किया गया। पूरा मामला जब तूल पकड़ने लगा तब इसकी स्थल जांच कराई गई। तब कहीं जाकर इस फजीर्बाडे का पदार्फाश हुआ।

## चिरैया थाना के नए थानाध्यक्ष बने अम्बेश कुमार सिंह, महेश कुमार लाइन हाजिर

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने चिरैया थाना के थानाध्यक्ष का स्थानांतरण कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार चिरैया थाना के थानाध्यक्ष महेश कुमार को पुलिस केंद्र, मोतिहारी भेज दिया गया है, जबकि तकनीकी शाखा के प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक अम्बेश कुमार सिंह को चिरैया थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अम्बेश कुमार सिंह वर्ष 2014 बैच के अधिकारी हैं। उन्हें जिले के पहाड़पुर, पिपरा एवं मुफस्सिल थाना में कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। पुलिस महकमे में उनकी पहचान एक कार्यकुशल एवं अनुशासित अधिकारी के रूप में रही है। वर्तमान पदस्थापन से पूर्व वे तकनीकी शाखा में प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बेहतर पुलिसिंग, प्रशासनिक सुगमता, प्रभावी नियंत्रण तथा कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए यह पदस्थापन किया गया है। सूत्रों के अनुसार हाल के दिनों में चिरैया थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और पुलिस कार्यों की समीक्षा के बाद यह प्रशासनिक बदलाव किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ सूचनाओं में महेश कुमार को पुलिस केंद्र भेजे जाने का कारण अपराध नियंत्रण में अपेक्षित सफलता नहीं मिलना बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इधर, महेश कुमार के स्थानांतरण की खबर से क्षेत्र के कई लोगों में निराशा देखी जा रही है। अपने अपेक्षाकृत अल्प कार्यकाल के दौरान उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को सुनने, त्वरित कार्रवाई करने तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। उनकी सरल कार्यशैली और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता के कारण उन्होंने क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। वहीं, नए थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार सिंह के पदभार ग्रहण करने के बाद चिरैया थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।



## धनरुआ पंचायत बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल, कल्याणकारी योजनाओं में 100% लक्ष्य हासिल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ प्रखंड की धनरुआ पंचायत महिला सशक्तिकरण और पारदर्शी शासन का अनुकरणीय मॉडल बनकर उभरी है।जहाँ जिला सूचना संपर्क विभाग ने प्रेस विज्ञप्ती जारी कर जानकारी दी की पंचायत ने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर देशभर के लिए आदर्श पेश किया है। पंचायत में 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव, 100 प्रतिशत स्कूल नामांकन, 100 प्रतिशत पेंशन कवरेज और 100 प्रतिशत श्रम कार्ड वितरण सुनिश्चित किया गया है। आवास योजना के तहत 99 परिवारों को घर मिला है, जबकि 380 शौचालयों का निर्माण कर खुले में शौच मुक्त गांव की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। अगस्त 2022 में गठित लैंगिक मंच के जरिए महिलाएं अपनी समस्याएं खुलकर रख रही हैं। दीदी अधिकार केंद्र में महिलाओं को योजनाओं, अधिकारों और कानूनी सहायता एक जगह मिल रही है। बाल विवाह रोकने के लिए विवाह निबंधन रजिस्टर, घरेलू हिंसा रजिस्टर और सरकारी योजना रजिस्टर से पारदर्शिता बनी है।मुखिया रानी कुमारी ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है।

# सम्मान समारोह: बिहार पुलिस में चयनित 20 अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के परसागढ़ बाजार स्थित एक विवाह भवन के सभागार में रविवार को बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में हाल ही में चयनित परसागढ़ एवं आसपास के 20 अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चयनित युवक-युवतियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव थे। वहीं शिक्षक नेता समरेन्द्र बहादुर सिंह, सुमन प्रसाद कुशवाहा, भिखारी प्रसाद, शिक्षक कमल कुमार सिंह, गिरिधारी प्रसाद रस्तोगी एवं शशि प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रामबालक यादव ने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर युवाओं द्वारा हासिल की गई यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक नेताओं एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि परसागढ़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शारीरिक दक्षता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। समारोह में बिहार पुलिस में कलम से क्रांति शिक्षण संस्थान के संचालक संतोष कुमार सिंह व जुनून फिजिकल एकेडमी के संचालक नीतीश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में तैयारी कर चयनित श्वेता सिंह, काजल कुमारी, नेहा कुमारी, खुशबू कुमारी, मधु कुमारी, डिंपल सिंह, श्वेता कुमारी, सोनी कुमारी, मुन्ना तिवारी, सूरज सिंह, शशिकांत तिवारी, अनूप कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, रविकांत, सत्येन्द्र कुमार सहित कुल 20 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों को दिया। इस अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में रामबालक यादव, समरेन्द्र बहादुर सिंह, सुमन प्रसाद कुशवाहा, गिरिधारी प्रसाद रस्तोगी, मोहम्मद मोगल अंसारी, संतोष कुमार सिंह, मयंक कुमार सिंह, नीतीश कुमार, प्रिंस कुमार गुप्ता गुप्ता, विकाश कुमार, अनिल कुमार, भिखारी प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, के.के. सिंह सेंगर, नागेंद्र कुमार राय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।







**एकमा थानाध्यक्ष, शिक्षकों व शिक्षक नेताओं ने युवक-युवतियों को किया प्रेरित**

# पंचायत चुनाव की करें तैयारी : सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाकपा माले प्रखंड एवं शहर स्तरीय संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन टाउन हॉल परिसर में प्रखंड सचिव चंद्रमा पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध एवं बुलडोजर राज के खिलाफ आगामी 18 जून को प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना -प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसकी तैयारी पर चर्चा की गई और अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज़ उठाएं। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय कमेटी की चेन्नई में ही बैठक के बारे में जानकारी कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि उसमें कई निर्णय लिए गए। काम दो आंदोलन की शुरुआत होनी चाहिए। 18 जून को प्रखंड कार्यालय के समक्ष होने वाले प्रदर्शन में सरकारी दर पर काम चाहने वाले मजदूरों का आवेदन लेकर जमा करना चाहिए। इसके लिए बड़ा अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी को आज की चुनौतियों के समक्ष खड़ा होना होगा। उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी से ही इसकी तैयारी करें। जिस क्षेत्र से चुनाव लड़ना है, वहां अभी से ही अपना आधार बनाएं। आपको अपने संघर्ष, त्याग, तपस्या और अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए लड़ाई लड़नी है। एक बड़ा जनाधार खड़ा करने की कोशिश कीजिए। अभी जो दौर चल रहा है, मनुवाद का जिस प्रकार से हमला है। कॉर्पोरेट का हमला है। देश के संविधान




और लोकतंत्र को खत्म कर देने की साजिश चल रही है,वैसी स्थिति में भाकपा माले को सबको साथ लेकर चलना है और उसकी अगुवाई भी करनी है। अभी के दौर में संयुक्त मोर्चा या इंडिया गठबंधन संयुक्त आंदोलनों का दौर चलेगा। छह हाइवे के निर्माण में अधिकतम कृषि योग्य भूमि जा रही है। सरकार कृषि योग्य भूमि को छीन लेना चाहती है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा आंदोलन में उतरेगी। भाकपा माले देश के बेरोजगार नौजवानों के साथ खड़ी है। उन्हें सम्मानजनक रोजगार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिर के जरिए लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। 15 जून से 15 जुलाई तक खेत मजदूर सभा का देश स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाना है। किसान महासभा को सशक्त बनाना है। फरवरी 2028 में पार्टी का राष्ट्रीय महाधिवेशन होना है। पूर्व जिला सचिव जनार्दन प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान कुछ ठोस बातों को प्रभावी तरीके से रखना है। भ्रष्टाचार ने संस्थागत रूप ले लिया है। काराकाट सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार उर्फ पिंटू सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों को प्रमाणिक तरीके से उठाया जाना चाहिए। सम्मेलन को टाउन सचिव बिरजू चौधरी, जिला कमिटी सदस्य सह प्रखंड सांसद प्रतिनी राजकुमार भगत, नगर सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कलाम अंसारी, एपवा जिला सचिव अलकारी देवी, मीना सिंह, कामता प्रसाद यादव, सत्येंद्र नारायण सिंह, बसंती देवी, सुरेंद्र सिंह, अख्तरी बानो, महेंद्र राम, परशुराम सिंह, नारायण पासवान, रामसुंदर चौधरी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, गणेश कुमार, द्वारिका पासवान, शिव प्रजापति, विनय लाल यादव, ललन यादव, जैनेंद्र राम, कमलेश यादव, शनिचर राम, दीनानाथ यादव, कैश खान, मनोज मेहता, लक्ष्मण भुईयां, रामकुमार मेहता,

# स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए लाभदायक है साइकिलिंग : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विश्व साइकिल दिवस पर "संडेज ऑन साइकिल" अभियान के तहत बीडीओ मो.जफर इमाम के नेतृत्व में जागरूकता के लिए साइकिल राइड का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। साइकिल राइड प्रखंड कार्यालय परिसर से सूर्य मंदिर परिसर तक हुई। इसमें अधिकारी, पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी एवं अन्य प्रतिभागी शामिल रहे। लोगों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस पर संडेज ऑन साइकिल अभियान का विशेष सत्र आयोजित कर लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बीडीओ मो. जफर इमाम ने कहा कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण का भी एक प्रभावी माध्यम है। नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करने




से ईंधन की बचत होती है, वायु प्रदूषण में कमी आती है और व्यक्ति शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल के उपयोग करने की अपील की। साइकिल राइड के दौरान स्वच्छता, फिटनेस और हरित पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## 9 जून को राजद का प्रखंड कार्यालय पर धरना

**रफ़ीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज विधानसभा के राजद प्रत्याशी सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डा गुलाम शाहिद ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोज़गारी, गिरती शिक्षा एवं विधि व्यवस्था के खिलाफ आगामी 9 जून को प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है साथ ही 17 जून को जिला मुख्यालय में भी एकदिवसीय धरना कार्यक्रम निर्धारित है। विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक,किसान मजदूर निर्धारित तिथि पर प्रखंड मुख्यालय परिसर में पहुंचकर धरना को सफल बनाने का अपील किया है।धरना को सफल बनाने हेतू विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारी गण जनसंपर्क में जुटे हुए है। आप सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय एवं 17 जून को जिला मुख्यालय में उपस्थित हों।

# विभिन्न मुद्दों पर राजद का धरना कल

**दाउदनगर (औरंगाबाद) / नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजद के प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार 9 जून यानी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष राजद द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना दिया जाएगा। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बढ़ती महंगाई, बेलगाम अपराध, बेरोजगारी, संगठित भ्रष्टाचार और ध्वस्त कानून व्यवस्था जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर यह धरना दिया जा रहा है। इसमें राजद के सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष कार्यकर्ता, नेता एवं समर्थक शामिल होंगे। इस धरना में ओबरा के पूर्व विधायक ऋषि कुमार भी उपस्थित रहेंगे पार्टी के सभी पूर्व विधायकों, मुखिया,

## घोरहट-गोगाड़ी पथ पर टिकरी के समीप अबतक नहीं हुआ पुलिया का निर्माण

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मदनपुर प्रखंड के घोरहत मोड़ से महुआवां-टिकरी-रामदोहर-गोगाडी पथ पर टिकरी के समीप रेवईया नदी में पुलिया नहीं होने के कारण पिरथु, बनिया, बेरी, महुआवां सहित दर्जनों गांवों का संपर्क बारिश के दिनों में प्रखंड और जिला मुख्यालय से कट जाता है। ग्रामीण कार्य विभाग से बनी इस सड़क पर दोनों तरफ पक्की सड़क है। मगर बीच में जमुआईन एवं टिकरी के समीप रेवईया नदी पर पुलिया का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। वहीं बारिश के दिनों में स्कूली बच्चों, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। बता दें कि जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये के कारण यह अति महत्वपूर्ण कार्य लंबित है।

# चिलचिलाती धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल, 39 डिग्री पहुंचा तापमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में एक बार फिर से उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों से तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। वहीं तपन व उमस भरी गर्मी ऐसी कि कूलर-पंखा सब फेल हो जा रहा है। घर के बाहर लोगों को कहीं भी सुकून नहीं मिल रहा था। सुबह नौ बजे के बाद लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। घर से बाहर निकले लोग लू के थपेड़ों से परेशान रहते हैं। थोड़ी दूर चलने पर लोग पसीना-पसीना हो जाते हैं। इस कारण लोग बार-बार पानी या जूस भी पीते रहे। तपिश इतनी तेज है कि दिन में बाहर धूप में निकलना थर्ड डिग्री की सजा से कम नहीं है। सुबह से ही सूरज देवता पूरे रौब में नजर आते हैं। विद्यालय जाने वाले बच्चे, कार्यालय जाने वाले कामकाजी सभी गर्मी के प्रकोप से परेशान हैं। सभी को राहत की तलाश है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार सिह ने बताया कि लू से गर्मी से निपटने का सबसे अच्छा तरीका स्वच्छ पानी का उपयोग करना है। अगर आप हर थोडी देर में पानी के छींटे अपने चेहरे पर मारते हैं तो आप तरोताजा महसूस करते हैं। जानकार बताते हैं कि धूप में निकलने से परहेज करें। अगर निकलना पड़े तो अपने चेहरे को पूरी तरह ढंक कर निकले। इससे आपकी त्वचा ठीक रहेगी। गर्मियों के मौसम में वैसे तो हर कोई धूप से निकलने से बचता लेकिन अगर निकलना बहुत जरूरी हो तो इसे टाला भी नहीं जा सकता। धूप में निकलने से सबसे ज्यादा डर लू लगने का बना रहता है। अगर किसी का शरीर गरम हो और कान ठंडे हो तो कहा जा सकता है कि उसे लू लगी हुई है। अगर चाहे तो थोड़ी सी सावधानी रखकर इससे बच सकता है। इससे बचाव के लिए ठंडा पानी, आइसक्रीम, तेज धूप एवं गर्मी से बचने की जरूरत है। कहा कि पानी ज्यादा पीना है, हो सके तो नारियल का का सेवन करें। ताजा फल के जूस भी गर्मी में शरीर के लिए लाभदायक है। खीरे और तरबूज का सेवन करें। इससे पेट तो भरेगा ही शरीर में पानी भी जाता रहेगा। खीरे और तरबूज में

# रामनगर बिहारी बिगहा से मुख्तियापुर जाने वाली सड़क बदहाल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ओबरा प्रखंड के चंदा पंचायत के रामनगर बिहारी बिगहा से मुख्यिारपुर जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों अत्यंत खराब हो गई है। सड़क पर गड्ढों के कारा ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं बारिश के दिनों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्तियापुर के ग्रामीण कीचड़युक्त सड़क पर चलने को मजबूर हैं जिससे बाइक चालक भी इस सड़क पर जाने से कतराते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 10 वर्ष पूर्व सड़क पर मिट्टीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह अधूरा छोड़ दिया गया। इसके बाद से सड़क की स्थिति लगातार बदहाल होती गई। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को सड़क निर्माण के लिए अवगत कराया परंतु अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। बताया कि जब बारिश होती है तो सड़क से आवागमन बाधित हो जाता है। यहां तक कि मरीजों को अस्पताल जाने में परेशानी होती है। इतना होने के बावजूद भी इतने वर्षो बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

# पुलिस सेवा के सफल अभ्यर्थियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के सिहाड़ी खेल मैदान पर मंतोष इंडियन फिजिकल अकादमी के द्वारा बिहार पुलिस में सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड सैनिक राजेन्द्र प्रसाद ने की जबकि संचालन अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हसपुरा दक्षिणी जिला पार्षद सदस्याई पुष्पलता, पूर्व मुखिया सोनम कुशवाहा, पंसस धनंजय कुमार, टाल पैक्स अध्यक्ष आशुतोष कुमार और साधु,मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुनु शर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, भोला राम, संजय कुमार दिलीप कुमार, पवन मिश्रा, विकास कुमार,




मुख्य रूप से उपस्थित रहे सभी अतिथियों को फिजिकल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक मंतोष इंडियन के द्वारा अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में चार चांद लगाने पहुंचे मधु किन्नर को भी अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मंतोष कुमार के द्वारा जो यह निशुल्क प्रशिक्षण देने का काम जो किया गया वह बेहद ही सराहनीय है सभी अतिथियों ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बिहार पुलिस में उजाला कुमारी, निशा कुमारी, सुरभि कुमारी, सोनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, अंजली कुमारी, रेखा, पिंकी, गायत्री, संजू, चुन्नी कुमारी, रवि कुमार, आदित्य, अजीत, पप्पू सागर, चिंटू, नीलेश, रोशन, मनीष, कौशल, व गोल्डन कुमार को अतिथियों द्वारा कैप देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने को यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा छात्राओं के लिए एक विशेष शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक-ऐतिहासिक- राष्ट्रीय चेतना के विकास के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है। छात्राओं को पटना के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण हेतु मौलाबाग स्थित श्री सूर्य मंदिर के प्रांगण से रवाना किया गया। परिभ्रमण रथ को नगर परिषद के सशक्त स्थाई समिति सदस्य जयगोविंद प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखण्ड बीस सूत्री के उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष रवि पांडे, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, सूर्य मंदिर न्यास समिति के मनोज केसरी एवं विकास आनन्द ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। खण्ड कार्यवाह अनुज कुमार पांडेय ने कहा कि छात्राओं को पटना परिभ्रमण पर ले जाने का मुख्य उद्देश्य उनके




अंदर बौद्धिक विकास करना, उनका ज्ञानवर्धन करना, अपने सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना एवं उनके अंदर राष्ट्रीय चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर उपस्थित जयगोविंद प्रसाद एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को देश के इतिहास,संस्कृति एवं गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराते हैं। प्रखण्ड बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है तथा बच्चों के मन में अपने देश,समाज और संस्कृति के प्रति सकारात्मक एवं प्रेरणादायक भाव जागृत होते हैं। संसा स्थित श्री रामानुजन साइंस एंड टेक्निकल स्कूल फ्री सेंटर की छात्राएं कार्यक्रम में शामिल थी। परिभ्रमण रथ के साथ संघ के वरिष्ठ स्वंयसेवक पुनचुन विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण, शिक्षक चितरंजन,अमन, अंश, सिद्धू उपस्थित रहे।

# मजदूर की बेटी का बिहार पुलिस में चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड की खिरियावां पंचायत के बरडी गांव की सीमा कुमारी का चयन बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ है। पहले ही प्रयास में मिली इस कामयाबी से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। सीमा के पिता राधे पासवान रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। माता चांदो देवी गृहिणी हैं। चार बहनों और दो भाइयों वाले परिवार में सीमा सबसे छोटी है। यह परिवार की पहली सरकारी नौकरी है। चयन की सूचना मिलते ही गांव में जश्न का माहौल बन गया। ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने सीमा को बधाई दी। सीमा की पढ़ाई राजकीय मध्य विद्यालय जोगरी से शुरू हुई। उसने बेरी हाई स्कूल से 2022 में मैट्रिक और 2024 में इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की। फिलहाल वह सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद में स्नातक की छात्रा है। सीमा ने बताया कि वह कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ बिहार पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थी। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को देते हुए सीमा ने कहा, पापा घर से दूर रहकर दिन-रात मेहनत करते हैं ताकि हम सभी भाई-बहन पढ़-लिख सकें। मम्मी ने हर कदम पर हौसला बढ़ाया। आज पुलिस की वर्दी पहनकर मैं माता-पिता का सपना पूरा करूंगी। गांव की बेटियों के लिए भी यह प्रेरणा बने, यही चाहती हूं। चयन की खबर के बाद सीमा को जिला पार्षद विकास कुमार, एएसओ बिमल कुमार, मुखिया सविता देवी सहित सीमा को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पंचायत के लोगों का कहना है कि सीमा की सफलता से पूरे क्षेत्र की बेटियों का हौसला बढ़ेगा।

## सलेमपुर गांव का नहर पुल बनता जा रहा डेंजर जोन

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल इन दिनों डेंजर जोन बन गया है। पुल के दोनों ओर घेराबंदी और लाइट लगाने की मांग तेजी से उठ रही है। इस तिखे मोड़ से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है जिससे यह कहना मुश्किल है कि कब कौन सा वाहन नहर में गिर जाएगा। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जब भी ऐसा होता है ग्रामीण उग्र हो जाते हैं और कई बार सड़क जाम कर देते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए केवल आश्वासन ही मिलता है। बता दें कि सड़क से गुजरने वाले विशेषकर लोग हमेशा खतरे में रहते हैं कि कब वे नहर में गिर जाए। रात के वक्त दुर्घटनाओं की संभावना अधिक होती है। स्थानीय राजेंद्र पासवान, चितरंजन सिंह ने कहा कि पुल का चौड़ीकरण और दोनों तरफ से घेराबंदी किए बिना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। सलेमपुर नहर पर कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गिर चुके हैं।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janata Party

*Name of the Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

Name of State/UT: - Bihar

Name of the Constituency:- Biennial election to the Legislative council 2026

Name of the Candidate:- Pawan Singh

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S&188 IPC AND 127 R-P- ACT 1951 | U/S&188 IPC AND 127 R.P. ACT 1951 | U/S-143, 188, 171 -F IPC AND 127 RP ACT | U/S-188 IPC AND 127 RP ACT 1951 | U/S-376(2)(N),341, 323,506, 509, 312, 315 IPC R/W SECTION 66A, 66E,67 IT ACT | U/S 420, 406, 467,468, 506 IPC |
| | b | Case no. | अकोढ़ी गोला थाना, क्र. संख्या–110 / 24 | विक्रमगंज थाना क्र.. सं.–237 / 24 | काराकाट थाना, क्र. संख्या–216 / 24 | राजपुर थाना, क्र. ख्या–56 / 2024 | मालवानी पुलिस स्टेशन, मुंबई, थाना क्र. संख्या–630 / 2019 | कैण्ट थाना, वाराणसी Case No- 490/2025 |
| | c | Name of the Court | SDJM, DEHRI | A.C.J.M., BIKRAMGANJ | A.C.J.M., BIKRAMGANJ | A.C.J.M., BIKRAMGANJ | जज सिटी सिविल कोर्ट एवं ए.डी.जे. मुंबई | Court of Sessions Judge,Court No- 1, Varanasi |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | e | Date of conviction, if any | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | f | Details of punishment undergone, if any | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | g | Any other information required to be given | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is well known social worker having very good reputation in the society. He is also a well-known celebrity of the entertainment world and a very reputed and respected person of the State. | | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | Due to his selfless work for the society, the party has preferred him as the candidate. | | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# साइकिल रैली निकाल लोगों को किया गया जागरूक

## जिला प्रशासन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में गांधी स्टेडियम से संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन

विश्व साइकिल दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गांधी स्टेडियम से संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता विकसित करने तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी स्टेडियम से साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। जो मुख्य बाजार, हर-हर महादेव चौक होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते पुनः गांधी स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न हुई। लगभग पांच किलोमीटर की इस साइकिल यात्रा में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों तथा आम नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि साइकिल न केवल एक सुलभ एवं किफायती परिवहन साधन है, बल्कि यह स्वास्थ्य संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान करते हुए कहा कि इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी तथा शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार संभव है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता महेश्वर प्रसाद सिंह, उप महापौर अनिता राय, पूर्व महापौर संजय कुमार, वरीय उप समाहर्ता निशांत, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार, सिटी मैनेजर राजीव रंजन सहित जिला प्रशासन, डीआरडीए एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। साइकिल रैली में जिले के विभिन्न +2 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, स्थानीय खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूरे मार्ग में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा तथा नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता के संदेश को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। जिला प्रशासन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा भविष्य में भी जन-जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## जीविका दीदियों ने निकाली साइकिल रैली

### स्वस्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड क्षेत्र में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर दीप जीविका महिला संगठन समूह, पहसारा के तत्वावधान में रविवार को जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व विकास कुमार ने किया। साइकिल रैली मुखिया जी चौक से प्रारंभ होकर बखरी-मंझौल मुख्य पथ से गुजरते हुए बौद्धु सिंह उच्च विद्यालय, पहसारा बभनगामा परिसर में संपन्न हुई। रैली में शामिल जीविका दीदियों ने साइकिल चलाने के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने आम लोगों से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विकास कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश लोग छोटी दूरी तय करने के लिए भी मोटर वाहनों का उपयोग करते हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, जिससे प्रदूषण और विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग कम दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का उपयोग करें तो न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नियमित रूप से साइकिल चलाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई। रैली में सीमा खातून, गीता देवी, नीतू कुमारी, मधु सोनी, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालय के कर्मियों के द्वारा रविवार को स्वक्षता जागरूकता और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे तख्ती के साथ सायकिल रैली निकाली गई। जानकारी देते हुए वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि प्रखंड संसाधन केंद वीरपुर से छात्र छात्राओं और शिक्षकों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई जो प्रखंड संसाधन केंद वीरपुर से शुरू होकर यूको बैंक रोड होते हुए वीरपुर सुरहा चौक पेट्रोल पंप छतवन चौक होते हुए मुजफ्फरा में जाकर समाप्त हुई। वहीं विश्व साइकिल दिवस को लेकर जीविका कर्मी के द्वारा सायकिल रैली निकाल कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : गिरिराज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के गांधी स्टेडियम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच मंत्री वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार सांसद गिरीराज सिंह द्वारा अनुदान, चश्मा एवं बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा कोषांग के माध्यम से संचालित अंतर्ज़ातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना तथा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभुकों के बीच सावधि जमा (एफडी) प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत कुल तीन लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इनमें दो दंपति शामिल थे। एक दंपति में पति या पत्नी में से एक दिव्यांग होने के कारण उन्हें योजना के प्रावधानों के अनुरूप एक लाख रुपये की सावधि जमा उपलब्ध कराई गई। वहीं दूसरे दंपति में पति एवं पत्नी दोनों दिव्यांग थे। जिसके आलोक में दोनों को एक-एक लाख रुपये की दर से कुल दो लाख रुपये की सावधि जमा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान अंतर्ज़ातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत 14 लाभुकों को एक-एक लाख रुपये की सावधि जमा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बुनियाद केंद्र पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में चिन्हित लाभुकों के बीच भी चश्मों का वितरण किया गया। इस क्रम में कुल 269 लाभुकों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में बेहतर दृष्टि सुविधा प्राप्त हो सकेगी। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनकी स्वतंत्र गतिशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के तहत बैटरी चालित ट्राइसाइकिलों का भी वितरण किया गया। सदर अनुमंडल के 15 दिव्यांग लाभुकों को कार्यक्रम स्थल पर मोटराइज्ड अथवा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। साथ ही जिले के अन्य अनुमंडलों के लाभुकों को सम्मिलित करते हुए कुल 69 दिव्यांगजनों को इस योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की गई तथा उपलब्धता के अनुसार बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, आर्थिक रूप से कमजोर एवं सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संचालित योजनाएं सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना को सशक्त करती हैं। उन्होंने लाभुकों को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं समाज के कमजोर, वंचित एवं दिव्यांग वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से पहुंचे। उन्होंने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना को सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों, पात्रता एवं लाभों की भी जानकारी दी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, उप महापौर अनिता राय, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्त बृजकिशोर चौधरी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रंजीत कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा कुमारी सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभिजीत सोनल, वरीय उप समाहर्ता सुश्री पूजा कुमारी, जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मारपीट में महिला जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर पंचायत के चक्का गांव में जमीनी विवाद में हुई मारपीट में एक महिला जख्मी हुई। जख्मी महिला बिट्टु कुमार की पत्नी काजल कुमारी है। उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गांव के ही नंदलाल पासवान, रिंकू देवी, शिवम कुमार, कविता कुमारी द्वारा मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने आवेदन में बताया है कि शनिवार की शाम वह अपने घर में घरेलू काम कर रही थी। उपरोक्त सभी नामजद घर में घुसकर जमीन में हिस्सा मागने लगे। इस पर कहा गया कि जमीन हासिल करने में जो खर्च आया है वह पहले दे दे, उसके बाद ही जमीन में हिस्सा मिलेगा। इस पर आक्रोशित होकर सभी मेरे साथ मारपीट करने लगे, जिससे मेरा सिर फट गया। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि पुलिस कांड अंकित कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## विश्वबंधु पुस्तकालय के पूर्व अध्यक्ष का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी की शैक्षणिक एवं सामाजिक विरासत माने जाने वाले श्री विश्वबंधु पुस्तकालय के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। आठखुट्टी निवासी कृष्ण कुमार सिंह का लंबी बीमारी के बाद अपने पैतृक आवास पर निधन हो गया। उन्होंने पुस्तकालय में सचिव, अध्यक्ष तथा संरक्षण समिति के संयोजक सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संस्था को नई दिशा देने का कार्य किया। पुस्तकालय के वर्तमान अध्यक्ष संतोष गुड्डू ने उनके निधन को संस्था के लिए अपूरणीय क्षति बताया। संरक्षण समिति के वर्तमान संयोजक आनंदचंद्र झा ने कहा कि कृष्ण कुमार सिंह ने अपने सचिव काल में कई उल्लेखनीय कार्य किए। पूर्व सचिव एवं भाजयुमो प्रदेश महामंत्री नीरज नवीन ने कहा कि उन्हें हमेशा श्री सिंह का मार्गदर्शन मिलता रहा। पूर्व अध्यक्ष सिधेश आर्य ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुस्तक और पुस्तकालय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें अमर बना दिया है। वर्तमान सचिव ने कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे।

## अवकाश प्राप्त एडीएम का इलाज के दौरान निधन

**बीहट।** बरौनी प्रखंड क्षेत्र के प्रतिष्ठित, शिक्षित परिवार के मुखिया और पूर्व एडीएम राय का 92 वर्ष की आयु में शनिवार की रात्रि इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले लगभग 6 महीनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रशासनिक सेवा में रहा गौरवशाली इतिहास असुरारी स्कूल के प्रधानाध्यापक दिवंगत सुखदेव राय के पुत्र अनिल राय ने बताया कि उनके पिता का प्रशासनिक सेवा में एक लबा और गौरवशाली इतिहास रहा है। वे वर्ष 1990 से पहले पूर्णिया में बीडीओ के पद पर कार्यरत थे। इसके बाद पदोन्नत होकर वे एडीएम बने और वर्ष 1996 में सहरसा से एडीएम के पद से सेवानिवृत थे। पिपरा देवस पंचायत के इतिहास में वे पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रशासनिक सेवा में इतने ऊंचे पद तक पहुँचकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## जविप्र दुकान के निरीक्षण में पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री बिरेन्द्र कुमार तिवारी, चियांकी के दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में साफ-सफाई की स्थिति, कार्डधारियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने, धोती-साड़ी-लुंगी वितरण, राशन वितरण उपरांत लाभुकों को रसीद उपलब्ध कराने, योजनावार खाद्यान्न के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गयी। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि राशन वितरण के बाद प्रत्येक कार्डधारी को अनिवार्य रूप से रसीद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इसके अतिरिक्त दुकान में लाभुकों की सूची, स्टॉक एवं वितरण संबंधी सूचनाओं का स्पष्ट प्रदर्शन करने तथा योजनावार खाद्यान्न का समुचित रख-रखाव बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों की भी जांच की गयी।

## मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना के तहत छह लाभुकों को मिले आइस बॉक्स युक्त वाहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह अररिया जिला प्रभारी मंत्री डॉ. राम चंद्र प्रसाद ने रविवार को मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना के तहत मत्स्य परिवहन वाहन योजना के अंतर्गत छह लाभुकों को थ्री-व्हीलर आइस बॉक्स युक्त वाहनों की चाबी सौंपकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। लाभुकों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना मछुआरों एवं मत्स्य विक्रेताओं की आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आइस बॉक्स युक्त वाहनों के माध्यम से मछलियों का सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण परिवहन संभव होगा, जिससे मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और लाभुकों की आय में वृद्धि होगी। मंत्री ने बताया कि योजना के तहत एक वाहन की इकाई लागत तीन लाख रुपये निर्धारित है, जिस पर लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। योजना का लाभ मत्स्य विक्रेताओं एवं मछुआ समुदाय के पात्र लाभुकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। विभागीय लक्ष्य के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अररिया जिले को कुल नौ वाहनों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इनमें से तीन लाभुकों को पूर्व में मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान वाहन उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जबकि शेष छह लाभुकों को रविवार को वाहन प्रदान किया गया। वाहन प्राप्त करने वाले लाभुकों में सिकटी के भवेश मंडल, कुर्साकांटा की मानकी देवी, जोकीहाट के राज कुमार चौधरी, भरगामा की मुन्नी देवी, फॉरबिसगंज के गुरुदेव सिंह तथा पलासी के जुलकर नैन शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना मत्स्य व्यवसाय के आधुनिकीकरण तथा आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बिहार में प्रति वर्ष दो करोड़ 94 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

### जंगल सफारी की मांग पर दिया आश्वासन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पौधारोपण

**अररिया।** बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह अररिया जिला प्रभारी मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने रविवार को अररिया आरएस स्थित रहीकपुर वन क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों, पुलिस एवं एसएसबी जवानों तथा मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर सैकड़ों पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में प्रतिवर्ष 2 करोड़ 94 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने रहीकपुर वन क्षेत्र में जंगल सफारी विकसित करने की मांग मंत्री के समक्ष रखी। इस पर मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और विभागीय स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।

मौके पर डीएफओ चंचल प्रकाशम, नगर उपाध्यक्ष गौतम शाह, मंगल कुमार, श्याम मंडल, आदित्य नारायण झा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस एवं एसएसबी जवान, स्कूली बच्चे और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## हल्की बारिश में भी सड़कों पर हो रहा जलजमाव

### नावकोठी प्रखंड की अधिकांश पंचायतों में वर्षों से बनी हुई है समस्या, पंचायती राज व्यवस्था से समाधान की उम्मीद अधूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड की अधिकांश पंचायतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि हल्की बारिश होते ही गांवों की मुख्य सड़कों, गलियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पानी जमा हो जाता है। पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद भी इस मूलभूत समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों में नाली निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन अधिकांश स्थानों पर नालियां अधूरी हैं या उनका निकास नहीं है। कई जगहों पर नालियां अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई हैं तो कहीं नियमित सफाई नहीं होने के कारण जल प्रवाह बाधित हो जाता है। परिणामस्वरूप बरसात के दिनों में सड़कें तालाब का रूप धारण कर लेती हैं। जलजमाव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों तथा महिलाओं को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़कों पर जमा गंदे पानी से दुर्गंध फैलती है तथा मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधि चुनाव के दौरान जल निकासी समस्या के समाधान का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद यह मुद्दा पीछे छूट जाता है। कई पंचायतों में वर्षों से जल निकासी की स्थायी योजना नहीं बन पाई है। इससे सरकारी विकास योजनाओं की उपयोगिता पर भी सवाल उठने लगे हैं। महेशवाडा पंचायत में कहीं नाला का निर्माण हुआ है तो पानी का निकासी नहीं हो रहा है। पहसारा पश्चिमी पंचायत में जल निकासी की सुविधा नहीं होने के कारण पंचायत स्तर पर नाला का निर्माण नहीं हो पा रहा है। कुछ इसी तरह के समस्या डफरपुर पंचायत की है, इस पंचायत का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण एक, दो गांव में ही जल जमाव की समस्या है। पंचायत स्तरों पर बने सड़क निर्माण से भी कहीं-कहीं जल जमाव की समस्या हो जाती है। एक तरफ से सड़क बन जाने के कारण दूसरी तरफ का सड़क का स्तर नीचे हो जाता है जिसके कारण उस जगह पर जल जमाव होने लगता है। वही मुख्यालय पंचायत नावकोठी में भी जल निकासी की समस्या बहुत बड़ी समस्या बन गई है। जबकि यहां के मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कई बार पूरे गांव स्तर पर आमसभा कराकर नाला बनाकर जल निकासी के लिए पहल की थी। लेकिन ना ही ग्रामीणों का साथ मिला और ना ही प्रशासनिक स्तर पर ही मदद मिली। इसी तरह मिला जुला कर प्रखंड के 9 पंचायतों में जल जमाव की समस्या सड़कों पर थोड़ी भी बारिश होने पर बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर समग्र जल निकासी योजना बनाकर नालों की नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने तथा निकास बिंदुओं का निर्माण कराया जाए तो समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है।

## बाल रोग स्वास्थ्य शिविर में 128 बच्चों की हुई स्वास्थ जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पलामू।** स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में निःशुल्क बाल रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एसके रवि, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नीतीश कुमार, डॉ सौरभ प्रधान, डॉ प्रणव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर इस शिविर का शुभारंभ किया। इसमें रानी हॉस्पिटल रांची के बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्र के 128 बच्चों को परामर्श, समग्र स्वास्थ्य जांच, विकास मूल्यांकन पोषण व टीकाकरण से जुड़ा मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एसके रवि ने इस शिविर को बच्चों के लिए बेहद ही लाभकारी बताया। कहा कि यह आयोजन बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व विकास के लिए एक बेहतरीन और पुण्य का कार्य है। इससे ग्रामीण व वंचित बच्चे के इलाज में मदद मिलेगा। बच्चों में कुपोषण, जन्मजात बीमारियों व सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच और रोकथाम में बल मिलेगा। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नीतीश कुमार ने बताया कि आयोजित शिविर में 128 बच्चों का स्वास्थ जांच कर उचित परामर्श व दवा वितरण किया गया। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में यह शिविर रानी हॉस्पिटल के तत्वधान में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को आयोजित होगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिविर का लाभ उठाने की बात कही है। बीपीएम विभूति कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, आदि मौजूद थे।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

## फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पदमा (हजारीबाग)।** विश्व साइकिल दिवस एवं केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत रविवार को साई सेंटर पदमा द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। रैली का शुभारंभ साई सेंटर पदमा परिसर से किया गया। प्रतिभागी चंपाडीह और रोमी मार्ग से होते हुए पुनः साई सेंटर लौटे। पूरे मार्ग में युवाओं और खिलाड़ियों ने फिट इंडिया तथा स्वस्थ भारत के नारों के साथ लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं, खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और प्रदूषण कम करने के लिए इसके उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर तीरंदाजी कोच मोहम्मद दानिश अंसारी, सजन कुमार, सनी सिंह एवं करिश्मा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया तथा स्वयं भी इसमें शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर तीरंदाजी कोच मोहम्मद दानिश अंसारी ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे शरीर सक्रिय रहता है, बीमारियों का खतरा कम होता है और पर्यावरण को भी संरक्षण मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता अभियानों से जुड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आईटीबीपी जवान का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी एवं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के जवान संजय पासवान (45 वर्ष) का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले लगभग दो वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, शुभचिंतक एवं आसपास के गांवों के लोग जुटे। शोकाकुल माहौल में गांव स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके सात वर्षीय पुत्र ने पिता को मुखाग्नि दी। संजय पासवान अपने पीछे तीन पुत्रियों एवं एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आईटीबीपी की 40वीं बटालियन के इंस्पेक्टर प्रकाश केरकेट्टा के नेतृत्व में पहुंचे जवानों ने पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी तथा सलामी अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## आज पंचायत स्तर पर लगेगा आधार अपडेट विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारियों के अद्यतन एवं त्रुटि सुधार के लिए शुक्रवार को हुसैनाबाद एवं हैदरनगर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में विशेष आधार अपडेट शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण कार्यालय के निर्देश पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना है। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बनियाडीह-बराही पंचायत के पंचायत भवन बनियाडीह, पंचायत भवन लोटनिया, पंचायत भवन भजनिया (मोहम्मदगंज), देवरी खुर्द, डंडिला पंचायत के लिए पंचायत भवन सड़ेया में तथा पंचायत भवन उपरी कला में विशेष शिविर लगाया जाएगा। वहीं हैदरनगर प्रखंड के बभंडी पंचायत भवन में भी आधार अपडेट शिविर आयोजित होगा। शिविर में आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक विवरणों के संशोधन एवं अद्यतन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिकारियों ने आधार अपडेट से वंचित लाभुकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थल पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। जिला प्रशासन के अनुसार विभिन्न सरकारी योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्ति एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार का सही और अद्यतन होना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को प्रखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर अपने आधार की जानकारी समय पर अपडेट करा लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सोहेया पहाड़ के अवैध खनन की हो निष्पक्ष जांच : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने पतरा कला पंचायत के मुखिया पति अजय राजवंशी से उनके गांव चौवा चट्टान में मुलाकात कर सोहेया पहाड़ में वर्षों से चल रहे खनन कार्य एवं उससे जुड़े घटनाक्रम की जानकारी ली। कर्नल सिंह ने कहा कि सोहेया पहाड़ क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय धरोहर है, लेकिन लगातार खनन गतिविधियों के कारण इसका अस्तित्व संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि अजय राजवंशी ने प्रशासन से अनुमति लेकर कथित अवैध खनन के विरोध में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया था, इसके बावजूद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। बाद में जिला न्यायालय से उन्हें दस दिनों के भीतर जमानत मिल गई। मुलाकात के दौरान अजय राजवंशी ने बताया कि गिरफ्तारी के समय उनकी पत्नी रीना कुमारी, जो पतरा कला पंचायत की निर्वाचित मुखिया हैं, थाना में उनसे मिलने पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया तथा उनके साथ कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार किया गया। कर्नल सिंह ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार हुआ है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## एनटीपीसी बीजीआर कैंप घेराव मामले में आठ नामजद समेत 300 पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के अंबाजीत-कोनी स्थित एनटीपीसी बीजीआर कैंप में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कथित मारपीट, घेराव तथा तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 8 नामजद समेत 200 से 300 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

यह मामला बीजीआर परियोजना प्रमुख पेलुपुपेदा सत्यनारायण के आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 104/26 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की है। प्राथमिकी में हरली निवासी सबूर महतो, गोंदलपुरा निवासी विनय कुमार उर्फ विकास महतो, विनोद महतो, विकास कुशवाहा, रवि कुमार दांगी तथा राउतपारा निवासी वीरेंद्र महतो, संतोष कुशवाहा और बालेश्वर महतो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आवेदन के अनुसार 2 जून 2026 को परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन की तरह ढेंगा कॉलोनी से अंबाजीत कैंप के लिए रवाना हुए थे। आरोप है कि बादम पहुंचने के बाद नामजद अभियुक्तों के साथ बड़ी संख्या में लोग कैंप तक पहुंचे और परिसर का घेराव कर दिया। इसके बाद पत्थरबाजी एवं लाठी-डंडे से हमला किया गया, जिससे कैंप की कई सामग्रियां क्षतिग्रस्त हो गईं। परियोजना प्रबंधन का आरोप है कि हमले के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को बंधक बनाने तथा गंभीर नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। घटना में मोहम्मद मंजर नामक कर्मी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए भेजा गया।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परियोजना कर्मियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जिसके संबंध में पूर्व में भी बड़कागांव थाना में अलग-अलग कांड दर्ज हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर बोकारो में चलेगा जनआंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोकारो।** बोकारो जिला में आम आदमी पार्टी द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव नियुक्त जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का भी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, मिथिलेश गिरी, विकाश सुमन, भगवान सिंह कुशवाहा, केएपी वर्मा, माननाओवर अंसारी, राहुल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता श्री अरविंद विकास द्वारा किया गया। अरविंद विकास ने कहा कि बोकारो जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया है, जिसके तहत धर्मेंद्र कुमार शर्मा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में बोकारो जिला सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अपने संबोधन में जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर खुलकर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला में जनता की समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के निर्देशानुसार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर बोकारो जिला में जनआंदोलन चलाया जाएगा। पार्टी आम जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक संघर्ष करने के लिए तैयार है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि झारखंड, विशेषकर बोकारो जिला में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए शीघ्र ही एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वार्ड स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने हेतु एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से इच्छुक लोग सीधे आम आदमी पार्टी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। बोकारो जिला की प्रत्येक पंचायत, नगर एवं परिषद स्तर पर मजबूत टीमों का गठन किया जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति दी जा सके। साथ ही शीघ्र ही कोर कमेटी का गठन, चास नगर निगम प्रभारी की नियुक्ति एवं महिला संयोजक की घोषणा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता का सर्वांगीण विकास करना तथा श्री अरविंद केजरीवाल के सपनों को धरातल पर उतारना है। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आम जनता एवं सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है।

## पांच अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कामयाबी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** नगर थाना पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर देवघर स्टेशन के समीप एक सुनसान स्थान पर छापेमारी कर बड़ी आपराधिक घटना की साजिश को विफल कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफ़ेद रंग की फोर्नेक्स कार में सवार कुछ लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद नगर थाना पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध देसी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस घटना में प्रयुक्त फोर्नेक्स कार बरामद की गई। गिरफ्तार अपराधियों में शैलेश कुमार दास, अरविंद कुमार दास, गोलू महथा उर्फ गोडू पासी, ललन झा तथा रोहन तुरी उर्फ विजय तुरी शामिल हैं। सभी देवघर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। इस संबंध में नगर थाना कांड दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास, आपसी संबंधों तथा संभावित आपराधिक योजना की जानकारी जुटा रही है।

## मेदिनीनगर में 20 जून को साइकिलिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे सांसद, मंत्री सहित अन्य : सनत चटर्जी

### ब्राइटलैंड स्कूल से पुलिस लाइन के बीच होगा साइकिलिंग कार्यक्रम

**साइकलिंग को बढ़ावा देने को लेकर किया जाएगा जागरूक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर में 20 जून को साइकलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे आबादगंज स्थित ब्राइटलैंड स्कूल के मैदान से शुरू होगी। इसकी जानकारी पलामू जिला साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव सनत चटर्जी ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की बेहतरी, पेट्रोल- डीजल की बचत व शारीरिक मजबूती को ध्यान में रखते हुए साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जून को ब्राइटलैंड स्कूल के मैदान में शहर के हजारों की संख्या में साइकिल प्रेमी भाग लेंगे। इसमें शहर के सभी स्कूल के बच्चों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों, कोचिंग क्लास के विद्यार्थियों, शिक्षकों, मीडिया बंधुओं व जिले के पदाधिकारी- कर्मियों को आमंत्रित किया गया है।

सनत चटर्जी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पलामू के सांसद, राज्य के मंत्री, विधायक, उपायुक्त, आईजी, डीआईजी, पुलिस अधीक्षक, मेयर, डिप्टी मेयर, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य भी शिरकत करेंगे। उन्होंने शहर के आसपास सहित शहर वासियों व छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में अपनी-अपनी साइकिल के साथ 20 जून की सुबह 6 बजे तक हर हाल में ब्राइटलैंड स्कूल पहुंचने का आह्वान किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलामू जिला साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोहर कुमार लाली, कोषाध्यक्ष साहेब सिंह नामधारी, प्रवक्ता राजीव कुमार मुखर्जी, आयोजन समिति के संरक्षक प्रमोद रंजन, उपाध्यक्ष प्रसेनजीत दास गुप्ता, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## दमदमी माइंस के गड्ढे में डूबकर युवक की मौत मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दमदमी स्थित खनन क्षेत्र में बने गहरे जलभरावयुक्त गड्ढे में डूबने से 24 वर्षीय लवकुश कुमार की मौत के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राथमिकी में माइंस संचालक समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामला अंचल अधिकारी जपला पंकज कुमार के आवेदन पर दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, दमदमी माइंस में खनन कार्य के बाद बने गहरे गड्ढों को सुरक्षित नहीं किया गया था और न ही वहां आम लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोप है कि खनन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण ही युवक की जान गई। एफआईआर में कहा गया है कि 3 जून को लवकुश कुमार की डूबने से मौत होने के बाद प्रशासनिक जांच की गई। जांच में पाया गया कि जिस स्थान पर घटना हुई, वह खनन गतिविधियों के कारण बना गहरा गड्ढा था, जिसमें पानी भरा हुआ था। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा घेराबंदी, चेतावनी बोर्ड तथा अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए थे। मामले में दमदमी माइंस से जुड़े सुनील कुमार सिंह, लोकेश कुमार सिंह तथा एक अन्य जिम्मेदार व्यक्ति को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106, 125 एवं 3(5) के तहत कांड संख्या 125/2026 दर्ज किया है। प्राथमिकी में यह भी उल्लेख किया गया है कि खनन पट्टा धारकों और संचालकों की जिम्मेदारी है कि खनन क्षेत्र में बने गड्ढों एवं संभावित खतरनाक स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में कथित लापरवाही के कारण यह दुखद घटना हुई। हुसैनाबाद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सोहेया पहाड़ स्थित खनन क्षेत्र में बने गहरे गड्ढे में डूबने से लवकुश कुमार की मौत के बाद क्षेत्र में काफी आक्रोश देखने को मिला था। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की थी। अब प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

## अक्षरा आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत 'तोता द पैरेट स्टोरी' ने वर्तमान समय की शिक्षा में सड़ांध को किया उजागर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 'तोता ऽ द पैरेट स्टोरी' टैगोर की कालजयी रूपक-कथा का एक अनूठा और असाधारण नाट्य अनुभव है, जो दो जीवंत परंपराओं के संगम से जन्मा है – 'क़िस्सा ख्वानी' – वह प्राचीन मौखिक कथा-परंपरा जिसमें क़िस्सागो स्वयं कहानी बन जाता है, श्रोताओं को एक जीते-जागते संसार में खींच लेता है–और 'फोरम थिएटर,' जो दर्शक को मात्र दर्शक नहीं, बल्कि कथा का सह-निर्माता बनाता है। मंच पर ताम-झाम नहीं था, केवल दो कलाकार, कुछ प्रॉप्स और शब्दों का जादू। यही सादगी इस प्रस्तुति की सबसे बड़ी ताकत बनी। आज के दौर में जब शिक्षा को डिग्री और रोजगार का पर्याय मान लिया गया है, 'तोता' उस सोच पर सीधी चोट करता है। टैगोर की कहानी का वह तोता – जिसे राजा के आदेश पर सोने के पिंजरे में बंद कर शास्त्र पढ़ाए जाते हैं– आज भी हमारे चारों तरफ पिंजरों में कैद है। अक्षरा आर्ट्स ने इस रूपक को पटना के मंच पर उतनी ही ताजगी से पेश किया, जितनी 1918 में टैगोर ने रचना की थी। 'हमने तोता को पिंजरे में देखा, पर महसूस किया कि कहीं न कहीं हम खुद भी उसी पिंजरे में हैं।'

एक दर्शक की प्रतिक्रिया : नाटक की सबसे प्रभावी बात थी इसका समकालीन संदर्भ। जब मंच से सवाल उठा – 'पढ़ने का मतलब क्या सिर्फ परीक्षा पास करना है' – तो हॉल में सन्नाटा छा गया। अभिभावक, शिक्षक और छात्र – सभी अपने भीतर झांकने को मजबूर हुए। दर्शकों की प्रतिक्रिया इस बात की गवाह है कि सार्थक थिएटर की भूख पटना में आज भी जिंदा है। शो खत्म होने के बाद लंबी देर तक लोग कलाकारों से संवाद करते रहे। कई शिक्षकों ने इसे स्कूल-कॉलेजों में दिखाए जाने की मांग की। अक्षरा आर्ट्स, पटना पिछले कई वर्षों से हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण रचनाओं को मंच पर लाने का काम कर रही है। 'तोता' के साथ संस्था ने फिर साबित किया कि थिएटर केवल मनोरंजन नहीं, समाज को आईना दिखाने का माध्यम भी है। कम संसाधनों में, बिना भव्य सेट के, केवल अभिनय और कहानी की ताकत से एक यादगार शाम रच देना यही अक्षरा आर्ट्स की पहचान है। संतोष राणा और अजीत कुमार की यह प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि जब कलाकार ईमानदारी से काम करता है तो मंच छोटा नहीं पड़ता। 'तोता' ने न केवल टैगोर को याद किया, बल्कि हमें वर्तमान शिक्षा-व्यवस्था और स्वतंत्र सोच के बारे में पुनर्विचार करने पर मजबूर किया। संगीत संयोजन साधना कुमारी द्वारा, ध्वनि संयोजन अभिषेक राज, ध्वनि संचालन राजकुमार एवं प्रकाश परिकल्पना राजकपूर द्वारा नाटक को और अधिक प्रभावशाली बनाया गया।

## बुनियादी सुविधाओं से वंचित है गढ़वा का सरूवत गांव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** आकांक्षी जिला गढ़वा का सरुवत गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से बंचित है।आदिम जनजाति कोरवा , किसान और यादव परिवार के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी तो दूर की बात है। यहां सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी, पेंशन और आधारकार्ड जैसे सरकारी योजनाओं का लाभ भी आदिम जनजाति के कई परिवारों को नहीं मिल रहा हैं। गढ़वा जिला मुख्यालय से लगभग 95 किलोमीट दूर, लातेहार और छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित बरगढ़ प्रखंड और टेहरी पंचायत में स्थित सरुवत गांव है। यह झारखंड के दूसरा सबसे उच्चा पहाड़ पर है। तीन दशकों से उग्रवादियों के दहशत में रहा यह गांव बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र का हिस्सा है। हरे भरे घनघोर जंगल और खूबसूरत वादियों में बसा इस गांव में नव टोला है। यहां तक पहुंचने के लिए आज भी छत्तीसगढ़ होकर कच्ची और दुर्गम मार्ग का सहारा लेना पड़ता है। उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने बताया कि इस गांव की जानकारी प्रशासन को है। उग्रवादियों के चंगुल में काफीदीनो तक यह गांव रहा है।सरकार और जिला प्रशासन यहां पर सरकार की योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को पहुंचने की दिशा में काम कर रही है। बहुत जल्द जिला प्रशासन एक कैंप लगा कर यहां के लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ेगा। ग्रामीण आदिम जनजाति की महिलाओं ने आप बीती बताते हुए कहा कि यहां तक कोई पहुंचता नहीं और यहां के लोगों को अपने पंचायत तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अपने जीवन को कठिनाइयों से जी रहे आदिम जनजाति परिवार के अभिभावक और बच्चों ने बताया कि शिक्षा का माकूल व्यवस्था और आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों को पढ़ने में असमर्थ है।बच्चों ने पढ़ने की इच्छा भी जताई। सरुवत पर पहुंचे ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि यहां के आदिम जनजाति परिवार के लोग आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं से बंचित है। यहां पर बुनियादी सुविधाओं को पहुंचा कर मुख्यमंत्री को यह साबित करना चाहिए कि वह वास्तव में आदिवासी का नेता है।

## झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो का चियांकी में किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का रविवार को पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में मेदिनीनगर आगमन पर चियांकी में स्वागत किया गया। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने पार्टी सुप्रीमो के साथ पहुंचे पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देव शरण भगत व केंद्रीय महासचिव संजय मेहता का भी पुरजोर स्वागत किया। चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता पार्टी सुप्रीमो के स्वागत के लिए चियांकी स्थित पार्क के पास खड़े थे। पार्टी सुप्रीमो के आते ही चंद्रशेखर सिंह छोटू सहित अन्य नेताओं ने अतिथियों के सम्मान में सुदेश महतो जिंदाबाद, आजसू पार्टी जिंदाबाद, प्रवीण प्रभाकर जिंदाबाद, देव शरण भगत जिंदाबाद, संजय मेहता जिंदाबाद... के नारे लगाए व फूलमाला व बुके देकर स्वागत किया। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो सहित अन्य वरीय केंद्रीय नेताओं का स्वागत करने वालों में चंद्रशेखर सिंह छोटू के अलावा, सतीश तिवारी, नवरंग चंद्रवंशी, ओम प्रकाश सिंह, बबलू डोगरा, मणी चंद्रवंशी, नंदलाल तिवारी, सुनील कुमार, प्रभात सिंह, उपेंद्र साव, भुवनेश्वर प्रजापति, अख्तर अंसारी, झुन्नू बैठा, प्रमोद प्रजापति, ऋषभ तिवारी, राजू पांडे, सुजीत तिवारी, रणजीत सिंह, मुकेश यादव व विनोद पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। बाद में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल व कार से अगुवाई करते हुए स्थानीय दीनदयाल स्मृति टाउन हॉल स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

CMYK

# औरंगाबाद में 1.72 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में इस वर्ष कुल 1.72 लाख हेक्टेयर भूमि में धान की खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस तय लक्ष्य के अनुपात में कुल 17,200 हेक्टेयर भूमि में धान की नर्सरी (बिचड़ा) तैयार की जानी अनिवार्य है। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने जमीनी हकीकत साझा करते हुए बताया कि मौसम की बेरुखी और अत्यधिक तापमान के कारण जिले में अभी तक कुल लक्ष्य के मुकाबले एक प्रतिशत से भी कम भूमि पर बिचड़ा गिराया गया है। उम्मीद है कि आगामी मानसून की पहली बारिश होते ही इस आंकड़े में तेजी से उछाल आएगा। किसानों को हर संभव तकनीकी सहायता देने के लिए तैयार है। इधर, जिले के प्रगतिशील और साधन संपन्न किसान लंबी अवधि वाले धान की नर्सरी तैयार करने की तैयारियों में पूरी तरह जुट गए हैं। आज सोमवार से भगवान सूर्य देव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जिसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में कृषि कार्यों में और तेजी आने की प्रबल उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार रोहिणी नक्षत्र लंबी अवधि की फसलों के लिए बिचड़ा लगाने का सबसे महत्वपूर्ण और उत्तम नक्षत्र माना जाता है। समय बीतने के साथ ही लंबी अवधि वाले धान का बिचड़ा गिराने की मियाद कम होती जा रही है जिसके कारण सिंचाई संसाधनों से युक्त किसान बेहद मुस्तैदी से खेतों को तैयार कर धान की नर्सरी डालने में लग गए हैं। वर्तमान में औरंगाबाद जिले के विभिन्न भागों के साथ-साथ कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में अभी केवल इक्के-दुक्के साधन-संपन्न किसानों के खेतों में ही बिचड़ा दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत प्रीतमपुर गांव में किसानों ने प्रसिद्ध 7029 किस्म के धान का बिचड़ा गिराकर इस सीजन की खेती की विधिवत शुरुआत कर दी है। प्रीतमपुर गांव के किसान राजेश पांडेय, अमित कुमार, आलोक पांडेय और रामविनय पांडेय ने अगात (अगेती) धान की रोपाई के उद्देश्य से रविवार को ही बिचड़ा डाल दिया है। हालांकि प्रीतमपुर का पूरा भूभाग असिंचित है और वहां के किसान पूरी तरह इलेक्ट्रिक मोटर तथा प्रकृति (बारिश) पर आश्रित हैं। एक तरफ जहां साधन-संपन्न किसान आधुनिक संसाधनों के बल पर आगे बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जिले के उत्तरी सोन नहर क्षेत्र के आम किसानों ने अभी तक धान का बिचड़ा नहीं गिराया है। झारखंड सीमा से सटे देव, कुटुंबा, मदनपुर और नवीनगर प्रखंडों के अधिकांश सामान्य किसानों ने इस बार आर्द्रा नक्षत्र में बिचड़ा गिराने का मन बनाया है। इसके पीछे वर्तमान मौसम की प्रतिकूलता को मुख्य कारण माना जा रहा है। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण खेतों की मिट्टी अत्यधिक गर्म हो गई है जिससे नमी पूरी तरह गायब है। सूर्य की तीखी किरणें इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी बेहाल कर रही हैं। ऐसे विषम हालातों में बिना सिंचाई वाले सामान्य किसानों के लिए धान की नर्सरी बचाना बेहद कठिन है। इसलिए किसान अब मौसम में बदलाव और झमाझम वर्षा की आस लगाए बैठे हैं।

## दुकान में घुसा ट्रक, टला बड़ा हादसा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर शनिवार देर रात ओबरा प्रखंड कार्यालय के समीप दो वाहनों की टक्कर के बाद ट्रक सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसा जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार देर रात तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए वाहन सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। हालांकि इस दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई लेकिन लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने एक बार फिर एनएच-139 की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# कार-टेम्पो की टक्कर में दो की मौत, आधा दर्जन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दाउदनगर-बारुण मुख्य मार्ग पर तेजपुरा लख के समीप रविवार को कार और टेम्पो के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतकों की पहचान भटौलिया गांव निवासी मुकुल पासवान और उमेश पासवान के रूप में हुई है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेम्पो में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किए जाने की भी सूचना है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी संकेतक लगाने तथा नियमित यातायात निगरानी की मांग की है।

# विभिन्न अपराधों में 46 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 7 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 3 तथा अन्य मामलों में 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 358.60 लीटर देसी शराब, 2.40 लीटर विदेशी शराब, 1 बाइक एवं 1 कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1180 वाहनों की जांच की गई जिसमें 19000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 2 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने चलाया रात्रि विशेष जांच एवं गश्ती अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार रात्रि विशेष जांच एवं गश्ती अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर रात्रि गश्ती एवं ओडी पर तैनात पुलिस बलों की सघन जांच की। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया तथा रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, सतर्कता और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। जांच के क्रम में पुलिस बलों को अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हें संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के लिए कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने रात्रि गश्ती एवं ओडी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रात्रि गश्ती अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। इस विशेष अभियान से अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय बना हुआ है जबकि आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# पीड़ित को मदद करने के बहाने खाता से उड़ाये 50 हजार रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 किनारे पाठक बिगहा मोड़ के पास स्थित एसबीआई के एटीएम में एक व्यक्ति के साथ 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की पहचान गयाजी जिले के आमस थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। सुरेंद्र प्रसाद इस एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने मशीन में अपना एटीएम कार्ड डाला, उनका कार्ड अंदर ही फंसा रह गया। काफी कोशिश करने के बाद भी जब कार्ड बाहर नहीं निकला तो परेशानी में फंसे सुरेंद्र प्रसाद की नजर एटीएम मशीन पर ही चिपके एक मोबाइल नंबर पर पड़ी, जिसके ठीक नीचे लिखा था- 'सहायता के लिए संपर्क करें'। इसके बाद पीड़ित ने उसी नंबर पर कॉल कर दिया। सुरेंद्र प्रसाद ने जैसे ही उस नंबर पर फोन किया, फोन उठाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। उसने पीड़ित को पूरी तरह भरोसे में लेते हुए कहा कि कार्ड निकालने की प्रक्रिया की जा रही है। ठग की बातों में आकर पीड़ित व्यक्ति एटीएम कक्ष से बाहर निकलकर थोड़ी दूर चला गया। इधर जैसे ही सुरेंद्र प्रसाद एटीएम से दूर गए, ठग का एक अन्य सहयोगी तुरंत एटीएम के पास पहुंचा और पीड़ित के खाते से रुपयों की निकासी कर ली। इस साइबर ठगी के शिकार होने के बाद पीड़ित सुरेंद्र प्रसाद ने सीधे मदनपुर थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित आवेदन दिया है। इस घटना के संबंध में मदनपुर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सरकारी बसों का किराया बढ़ाने पर लोगों ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में सरकारी बसों के बढ़े हुए किराये को लेकर यात्रियों और आम लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकारी परिवहन सेवा का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सुलभ, सुरक्षित और किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान किराया व्यवस्था यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। यात्रियों के अनुसार गया से औरंगाबाद तक की यात्रा के लिए सरकारी बसों में लगभग 171 रुपये किराया लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सामान्यतः सरकारी सेवाओं का किराया निजी सेवाओं की तुलना में कम या कम से कम प्रतिस्पर्धी होना चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। लेकिन वर्तमान स्थिति में सरकारी बसों का किराया यात्रियों के बीच चर्चा और असंतोष का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बिहार सरकार और परिवहन विभाग से किराया दरों की समीक्षा करने तथा उन्हें जनहित के अनुरूप तर्कसंगत बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में आम लोगों की आय और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किराया निर्धारण किया जाना चाहिए। लोगों ने कहा कि सरकारी परिवहन व्यवस्था का उद्देश्य लाभ कमाने के बजाय नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। ऐसे में किराया तय करते समय यात्रियों की सुविधा, आर्थिक क्षमता और सार्वजनिक हित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यात्रियों ने राज्य के परिवहन मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर किराया संरचना की समीक्षा कराने की अपील की है ताकि सरकारी बस सेवाएं आम जनता के लिए अधिक सुलभ, किफायती और आकर्षक बन सकें।

# आठ दशक बाद लोहड़ी पाल के घर पहली बार जला बिजली का बल्ब

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आजादी के करीब 80 वर्ष बाद देव प्रखंड की हसौली पंचायत स्थित कुंडा गांव में रहने वाले लोहड़ी पाल के घर आखिरकार बिजली की रोशनी पहुंच गई। वर्षों तक अंधेरे में जीवन बिताने वाले इस परिवार के लिए यह पल किसी सपने के सच होने से कम नहीं था। घर में पहली बार जला बल्ब केवल रोशनी का स्रोत नहीं बल्कि उम्मीद, सम्मान और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक बन गया। गरीबी और अशिक्षा के कारण लोहड़ी पाल कभी बिजली कनेक्शन नहीं ले सके। उन्होंने जीवनभर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण किया। बढ़ती उम्र और कमजोर होती शारीरिक क्षमता के कारण अब वे बकरी पालन कर किसी तरह जीविका चला रहे हैं। आर्थिक अभाव के चलते बिजली कनेक्शन लेना उनके लिए हमेशा एक अधूरा सपना बना रहा। करीब 25 दिनों की प्रक्रिया के बाद वह बहुप्रतीक्षित दिन आया जब बिजली विभाग की टीम उनके घर पहुंची। कर्मचारियों ने मीटर लगाकर बिजली आपूर्ति शुरू की। जैसे ही घर में पहली बार बल्ब जला, लोहड़ी पाल और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार के सदस्यों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने पूजा-अर्चना कर इस नए उजाले का स्वागत किया।

## वारंटी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के अनुपालन में औरंगाबाद पुलिस ने फरार अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई पौथू थाना पुलिस द्वारा न्यायालय के निर्देशानुसार की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार संबंधित वारंटी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके बाद न्यायालय द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया। इसके अनुपालन में पौथू थाना की पुलिस टीम ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए वारंटी के घर पहुंचकर इश्तेहार चस्पा किया तथा स्थानीय लोगों की उपस्थिति में इसकी औपचारिक तामिला की। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए फरार अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर संबंधित वारंटी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनुमंडल अग्निशमालय दाउदनगर के निर्देश पर रविवार को देवकुण्ड थाना के अग्निशमन कर्मियों ने अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने विभिन्न गांवों में मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को आपात स्थिति में बचाव व राहत के प्रभावी तरीके सिखाए और पंपलेट बांटे। अभियान के तहत हसपुरा प्रखंड के ग्राम अमझर शरीफ (वार्ड 09) में कबाड़ी दुकान के कर्मियों तथा ग्राम मोतीबीगहा (वार्ड 14) में जीविका दीदियों के साथ विशेष मॉक ड्रिल की गई। इसमें गैस व अन्य आग से बचाव के उपाय बताए गए। इसके अलावा गोह प्रखंड के नौरंगा (वार्ड 05) और हसपुरा के त्रिशंकट (वार्ड 04) में भी ग्रामीणों को आग से बचाव की तकनीकी जानकारी दी गई। इस अभियान का नेतृत्व अग्निक चालक राजेश कुमार, अग्निक आनंद मोहन सिंह और रुची कुमारी सिंह ने किया। ग्रामीणों व जीविका दीदियों ने विभाग की इस पहल की काफी सराहना की है।

# आधुनिक खेती कर आमदनी बढ़ा सकते हैं किसान : संदीप राज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज एवं जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत कुमार ने किसानों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। यह बैठक मदनपुर प्रखंड की पीरथू पंचायत स्थित सदोसराय गांव में आयोजित की गई। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं तथा खेती-किसानी को लाभकारी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में किसानों ने बताया कि क्षेत्र पहाड़ी होने के कारण सिंचाई की पर्याप्त सुविधा नहीं है। अधिकांश किसान बोरिंग के सहारे धान की खेती करते हैं। इस पर जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को आधुनिक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि किसान संयुक्त रूप से 30 से 35 एकड़ भूमि पर खेती करेंगे तो कृषि विभाग द्वारा अनुदानित बोरिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब रजिस्टर्ड किसानों को ही मिलेगा। जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत कुमार ने किसानों को सब्जी एवं बागवानी आधारित खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में धान का उत्पादन बेहतर नहीं हो पा रहा है, वहां सब्जी की खेती किसानों के लिए आय बढ़ाने का बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने फलदार पौधों की खेती और उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। किसानों को खेती के मौसम में आवश्यकता के अनुसार व्यवस्थित तरीके से खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने किसानों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा कृषि सलाहकारों एवं कृषि समन्वयकों से संपर्क कर विभागीय जानकारी प्राप्त करते हुए खेती कार्य करने की अपील की। बैठक में किसान विनय सिंह, सुदर्शन, गौतम कुमार, प्रिंस कुमार, रामानुज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ विभाग सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ऐसे वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है जो वाहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में रमेश चौक के समीप हेलमेट, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों एवं नाबालिक द्वारा वाहन चलाने के विरूद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में बैगर रजिस्ट्रेशन तथा नाबालिक द्वारा परिचालन किये जा रहे कुल 12 ई-रिक्सा को जब्त किया गया है। इसके साथ ही बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों के विरूद्ध कुल 47,500 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नियमों की अनदेखी के कारण सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे लोगों की जान-माल को खतरा बना रहता है। ऐसे में नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सख्त कार्रवाई आवश्यक हो गई है। इस दौरान उन्होंने वाहन मालिकों व वाहन कर्मियों को ट्रैफिक नियमो के साथ ही परिवहन विभाग द्वारा जारी नियमों के तहत ही वाहनों का परिचालन करने की बात कहीं। वाहनों के कागजात को अपडेट रखने के साथ सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने की भी जरूरत पर जोर दिया गया। इस अभियान में सभी मोटरयान निरीक्षक एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक उपस्थित रहे।